Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 275 | सोमवार , 06 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## दुश्मनों की पनडुब्बियों को पानी में कर देगा तबाह

# भारतीय नौसेना में आज शामिल होगा आईएनएस एंड्रोथ



**नई दिल्ली।**

भारतीय नौसेना 6 अक्तूबर को विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में एंड्रोथ को अपने बेड़े में शामिल करेगी। यह दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट है।इस समारोह की अध्यक्षता पूर्वी नौसेना कमान (ईएनसी) के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर करेंगे। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने एंड्रोथ को बनाया है। इसमें 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यह पोत पानी में खतरों का मुकाबला करने में नौसेना की क्षमता को मजबूत करेगा और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देगा।एंड्रोथ के शामिल होने से नौसेना की एएसडब्ल्यू क्षमताओं में वृद्धि होगी और यह तटीय जल में दुश्मनों की पनडुब्बियों के खतरे को नष्ट करने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह भारत की समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाने और स्वदेशी तकनीक तथा नवाचार को बढ़ावा देने का प्रतीक भी है।

### नौसेना में आत्मनिर्भरता का प्रतीक

हाल ही में नौसेना में शामिल किए गए अनार्ला, निस्तार, उदयगिरि, नीलगिरि और अब एंड्रोथ यह स्पष्ट करते हैं कि भारत समुद्री अभियानों में संतुलित विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। इन जहाजों में भारतीय शिपयार्ड और उद्योगों द्वारा प्रदान की गई स्वदेशी सामग्री, डिजाइन विशेषज्ञता और घरेलू नवाचार का उच्च प्रतिशत शामिल है।

## असम राइफल्स ने मणिपुर के जिरीबाम में दो शक्तिशाली आईईडी किए निष्क्रिय



**नई दिल्ली।**

मणिपुर में सुरक्षा बलों ने रविवार रात जिरीबाम जिले में दो शक्तिशाली आईईडी बरामद कर उन्हें नष्ट कर दिया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया।

एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर असम राइफल्स के जवानों ने दक्षिण असम से लगते जिरीबाम के मखाबस्ती क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। इस अभियान में 12 किलोग्राम वजन के दो आईईडी, 500 ग्राम वजन के तीन इलेक्ट्रिक पावर स्त्रोत बरामद किए गए। विस्फोटकों की संवेदनशीलता को देखते हुए बम निरोधक टीम ने जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मौके पर ही इन विस्फोटकों को नष्ट कर दिया। यह बरामदगी इस लिहाज से और भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में यहां बार-बार अशांति और हिंसा की घटनाएं हुई हैं। राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं और शांति व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों को माकूल जवाब भी दे रही हैं।

## पराली जलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**एटा।**

धान की कटाई के कंबाइन मशीनों से शुरू हो गई हे। इसके साथ ही खेतों में पराली जलाने की घटनाओं पर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि और पुलिस विभाग के अधिकारी लगातार निगरानी में जुट गए हैं।खेत में पराली जलाने वाले किसानों पर अब उनके खेत के रकबे के अनुसार जुमार्ना लगाया जाएगा, जो पांच हजार से लेकर तीस हजार रुपये तक हो सकता है। शासन व प्रशासन की ओर से पहले से ही निर्देश हैं कि कोई भी किसान खेत में पराली न जलाए। पराली जलाने से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचता है, साथ ही मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी घट जाती है। जिले में कृषि विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके तहत दीवार लेखन, होर्डिंग, पंपलेट वितरण, प्रचार वाहनों और गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को पराली जलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा है।यदि कोई किसान दो एकड़ से कम क्षेत्र में पराली जलाता है तो पांच हजार रुपये, दो से पांच एकड़ के बीच पंद्रह हजार रुपये और पांच एकड़ से अधिक खेत में पराली जलाने पर तीस हजार रुपये तक का जुमार्ना वसूला जाएगा। पुनरावृत्ति करने पर संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड कांग्रेस में नई टीम के गठन पर विवाद

**रांची।**

झारखंड के जिलों में कांग्रेस की नई टीम ने कमान संभाल लिया है।इसके साथ ही विरोधी गुट भी सक्रिय हो गया है और कोडरमा में इसका प्रमाण प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए कांग्रेसियों के माध्यम से मिला। बयान जारी कर पुरानी टीम ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बाहरी करार दिया है तो चयन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है। दूसरी ओर, नई टीम ने विरोध करनेवालों को स्लीपर सेल का तमगा देते हुए कहा है कि ऐसे लोगों के कारण ही कांग्रेस का पूरे देश में खराब हाल हो गया है।इस तरह की बातें प्रदेश के कई क्षेत्रों से सामने आ रही है। दरअसल, झारखंड में कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों को बदला है।इसके लिए निर्धारित मानकों को नजरअंदाज करते हुए नई टीम के गठन के आरोप लग रहे हैं। कोडरमा की कुछ ऐसी ही कहानी है। केंद्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी तक ने प्रेस के सामने बयान दिया था कि जिलाध्यक्ष के तौर पर उन्हीं लोगों का चयन होगा, जिन्होंने वर्षों तक कांग्रेस में पूरी निष्ठा से काम किया है। इसके खिलाफ पुराने कांग्रेसियों में बैठक की और बयान भी जारी किए। कुछ लोगों ने नए जिला अध्यक्ष के चयन के खिलाफ बातें कही हैं, लेकिन यह पार्टी का अधिकृत बयान नहीं है। सूत्रों के अनुसार इस तरह की गतिविधियां अन्य जिलों में भी चल रही हैं।

- **निवर्तमान जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने इस बैठक के संदर्भ में बताया कि हम लोग आपस में बैठक कर रहे थे।**



## देश में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद भी नहीं जागा प्रशासन



**रांची।**

देश के कई राज्यों में कफ सिरप से बच्चों की मौत के बाद भी राजधानी रांची में स्वास्थ्य विभाग बेफिक्र है। यहां पर मेडिकल स्टोर पर अब भी बिना चिकित्सक के पर्चे के लोगों को कफ सिरप दिए जा रहे, हैं तो कई जगहों पर चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सीरप की जगह दूसरी कंपनी के सिरप पकड़ाए जा रहे हैं। साथ ही लोग भी इसे लेकर जागरूक होते नहीं दिखाई दिए। बच्चों के बीमार होने पर लोग मेडिकल स्टोर पर जाकर सोधे दवाएं लेते दिखाई दिए। इसमें सर्दी, जुकाम और बुखार की दवाएं प्रमुख थी। मौसम के बाद अधिकांश लोग जुकाम से कफ जमने की शिकायत कर दवाएं ले रहे थे। ऐसे में यहां पर भी मेडिकल संचालक अपने मनमुताबिक कंपनी की दवाएं दे रहे थे।

## लेह में आज से खुल जाएंगे 12वीं तक के स्कूल, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक खुलेंगी दुकानें




**जम्मू।**

आज से लेह जिले में 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूल खोल दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त दुकानें भी सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक खुली रहेंगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सभी बसों को भी संचालन की अनुमति दे दी गई है।लेह में हालात सामान्य होते देख प्रशासन की ओर से प्रतिबंधों में लगातार ढील दी जा रही है। आज से लेह जिले में 12वीं कक्षा तक के सभी स्कूल खोल दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त दुकानें भी सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक खुली रहेंगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सभी बसों को भी संचालन की अनुमति दे दी गई है। लेह के एडिशन डिप्टी कमिश्नर गुलाम मोहम्मद की ओर से इस संबंध में आदेश कर दिए गए हैं।

### रेस्क्यू अभियान जारी

## तिब्बत के माउंट एवरेस्ट पर भारी बर्फबारी, करीब 1000 पर्वतारोही फंसे

**काठमांडू।**




तिब्बत की माउंट एवरेस्ट की ढलानों पर बर्फीले तूफान के कारण करीब 1000 पर्वतारोही फंसे हुए हैं। वहीं नेपाल में भारी बारिश से 52 लोगों की मौत और चीन में टाइफून माटमो के चलते लाखों लोग सुरक्षित निकाले गए। तिब्बत में माउंट एवरेस्ट के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में बर्फीले तूफान के कारण 1,000 से अधिक पर्वतारोही फंस गए हैं। शिविरों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए बचाव अभियान चल रहा है।यह क्षेत्र 4,900 मीटर की ऊंचाई पर है।बर्फ हटाने के लिए स्थानीय लोगों के साथ विभिन्न बचाव दलों को लगाया गया है।कुछ लोगों को बचा भी लिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार शाम को भारी बर्फबारी शुरू हुई और तिब्बत में माउंट एवरेस्ट की पूर्वी ढलानों पर यह तेज हो गई है, जो पर्वतारोहियों और पैदल यात्रियों के बीच लोकप्रिय क्षेत्र है। माउंट एवरेस्ट दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है।इसकी ऊंचाई 8,849 मीटर से भी अधिक है। चीन में इसे माउंट कोमोलांगमा के नाम से जाना जाता है।एवरेस्ट के पड़ोसी देश नेपाल में भारी बारिश से भूस्खलन और अचानक बाढ़ आई, जिससे अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। इस बीच टाइफून माटमो, जो 2025 के प्रशांत क्षेत्र का 21वां नामित तूफान है, रविवार को दक्षिण चीन के गुआंगडोंग प्रांत के जहानजियांग शहर में तट पर पहुंचा। स्थानीय सरकारों ने 347,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया। माटमो की अधिकतम गति 151 किलोमीटर प्रति घंटे तक दर्ज की गई।

### एनसीआर और मुंबई में ग्राउंड-लेवल ओजोन प्रदूषण के खतरनाक स्तर को उजागर किया है

## ओजोन प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर और मुंबई सर्वाधिक प्रभावित

**नई दिल्ली।** सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के 57 में से 25 निगरानी स्टेशनों पर आठ घंटे की सीमा से अधिक समय तक ओजोन प्रदूषण रहा, जबकि मुंबई के 45 में से 22 स्टेशनों पर भी यही स्थिति देखी गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ताजा रिपोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में ग्राउंड-लेवल ओजोन प्रदूषण के खतरनाक स्तर को उजागर किया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर के 57 में से 25 निगरानी स्टेशनों पर आठ घंटे की सीमा से अधिक समय तक ओजोन प्रदूषण रहा, जबकि मुंबई के 45 में से 22 स्टेशनों पर भी यही स्थिति देखी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि वाहनों, बिजलीघरों और औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओएक्स), वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (वीओसी) और कार्बन मोनोऑक्साइड (सीओ) सूरज की रोशनी में रासायनिक प्रतिक्रिया से ओजोन बनाते हैं। यह गैस सांस की बीमारियों, विशेष रूप से अस्थमा और दमा को बढ़ावा देती है, साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचाकर खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालती है। यह रिपोर्ट, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक अध्ययन पर आधारित मीडिया रिपोर्ट से जुड़ी है। रिपोर्ट में ग्राउंड-लेवल ओजोन में खतरनाक वृद्धि बताया गया है। यह श्वसन संबंधी समस्याओं और पर्यावरणीय क्षति से जुड़ा एक शक्तिशाली प्रदूषक है।




## संपादक की कलम से

# पुतिन ने भी उठाए बड़े कदम

जाहिर है, भारत की यह दृढ़ता रूस की नजर में महत्त्वपूर्ण होगी और इसीलिए उसने व्यापार संतुलन कायम करने की पृष्ठभूमि में द्विपक्षीय संबंधों को नए सिरे से आकार देने की ओर कदम बढ़ाया है। पुतिन ने व्यापार संतुलन बनाए रखने के लिए अहम कदम उठाए। मेरिका ने जब अपनी शुल्क नीति की घोषणा की, तो उसका मकसद जितना अपने आर्थिक हित सुनिश्चित करना था, उससे ज्यादा इसे प्रभावित होने वाले देशों पर दबाव बनाने के तौर पर देखा गया। सवाल है कि क्या अमेरिका की ओर से पहले पच्चीस और फिर पचास फीसद तक शुल्क लगाने की घोषणा का कारण यह था कि व्यापार वार्ता में भारत को अपनी शर्तों पर सहमत किया जाए? यह बेवजह नहीं है कि भारत ने अमेरिका के इस रवैये के सामने समर्पण करने के बजाय विकल्प की राह तैयार करने की कोशिश शुरू कर दी और अब इसके नतीजे सामने आने लगे हैं। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को अपनी सरकार को निर्देश दिया कि वह कच्चे तेल के भारी आयात की वजह से भारत के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए तत्काल उपाय करे। अमल के स्तर पर यह फैसला भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाओं की खरीद के स्तर पर सामने आ सकता है। इस वर्ष के आखिर में पुतिन की प्रस्तावित भारत यात्रा के मद्देनजर उनके इस निर्देश की अहमियत समझी जा सकती है। ट्रंप टैरिफ से हो रहे भारत को घाटे की भरपाई के लिए रूस ने उठाया बड़ा कदम, दरअसल, अमेरिका ने न केवल शुल्क नीति की घोषणा की, बल्कि भारत पर दबाव बढ़ाने की मंशा से रूस से तेल आयात करने पर जुमार्ना लगाने की भी बात कही। इसका आशय साफ था कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे। इसके पीछे उद्देश्य चाहे जो हो, आज बहुध्रुवीय होते विश्व में इस तरह भारत जैसे एक संप्रभु और वैश्विक साख वाले देश को अपनी शर्तों पर संचालित कर पाना संभव नहीं हो सकता। यह विचित्र है कि अमेरिका ने इस मसले पर सहयोग और साझेदारी को केंद्र में रख कर नए विकल्प निकालने, द्विपक्षीय हित और सम्मान आधारित आर्थिक संबंध पर विचार करने का रास्ता अख्तियार न करके, दबाव की रणनीति का सहारा लिया। मगर यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध के संदर्भ में अमेरिका और नाटो देशों की ओर से रूस को अलग–थलग करने के लिए जो रणनीति अपनाई जा रही थी, भारत ने प्रकारांतर से उसमें शामिल होने या किसी के सामने झुकने से इनकार कर दिया और रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखा। यों भी, तेजी से बदलती भू–राजनीतिक परिस्थितियों में अमेरिका के हर फैसले को मानने के बजाय भारत के लिए अपने हित को प्राथमिकता देना ज्यादा जरूरी है।


ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा
### कोजागिरी पूर्णिमा
### कविता



योगेश्वर जगद्गुरु श्री कृष्ण ने गोपियों की सुनी पुकार,
श्री परमेश्वर आए भवसागर से करने जीवों का उद्धार,
पुलकित हुआ धरती का ऑगन कण–कण हुआ वृंदावन,
जगत के नाथ खेले महारास मदन मनमोहन मनभावन ।

महारास की रात ये बरसे अद्भुत अनुपम अमृत की धार,
सज धज आई देखो शीतल चॉदनी करके सोलह श्रृंगार,
शरद पूनम के चॉद का हर्षोल्लास हुआ वृहद अभिनंदन,
धवल अमृत रश्मियॉ शरद पूनम की देती है पुनर्जीवन ।

छिटका अमृतानंद दसो दिशाओं में खुशियों की फुहार,
चकोर ने किया शुक्रिया चॉद का खोकर प्रेम में बार–बार,
शरद ऋतु का हुआ शुभागमन मौसम में हुआ परिवर्तन,
धरा ने ओढ़ी चुनरी चमकीली बरसी नभ से बूंदें पावन ।

हुई पुष्पित पल्लवित प्रकृति सुखदाई वातावरण पाकर,
रातरानी ने खोली पंखुड़ियॉ ₹आनंद₹ प्रकृति में भरकर,
मॉ महालक्ष्मी की हुई कृपा सब पर कटे दु:खों के बंधन,
रोग, शोक सारा मिटा सुवासित सुखमय हुआ तन–मन ।

कोजागिरी पूर्णिमा सुख समृद्धि वैभव ला? सबके द्वार,
बांके बिहारी जी की हम सब पर हो विशेष कृपा अपार,
भक्त जन श्रद्धा से खीर का भोग लगा करते हैं जागरण,
नवयौवन धन–धान्य वैभव बढ़ें दूर हो दुखों का आवरण ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सच्चाई की राह, सुखद जीवन के लिए विनियोग


गोंदिया



भारत अपनी संस्कृति, आध्यात्मिकता, अहिंसा धर्मनिरपेक्षता, परमो धर्मा और सच्चाई की मूरत राजा हरिश्चंद्र इत्यादि अनेकों विशेषताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से यह मानता हूं कि एक झूठ के पीछे सव झूठ बोलना पड़ता है और झूठ के दलदल में मनुष्य घुसता चला जाता है।जिससे उसकी वर्तमान पीढ़ी तो ध्वस्त होती ही है पर आने वाली पीढ़ियों में भी यह दोष समाया रहता है।

साथियों बात अगर हम सच्चाई की साक्षात मूरत राजा हरिश्चंद्र की करें तो,सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र सदैव सत्य बोलते थे। वह अपने सत्य और न्याय के लिए जाने जाते थे। इसलिए आज भी उनकी कहानियां बड़े सम्मान के साथ सुनाई जाती हैं।हमने अपने बड़े बुजुर्गों से अनेक कई किस्से सुने हैं।हम,आज की जनरेशन करीब-करीब हर सच्चाई वाली बात में इस महान मूरत का नाम जरूर जोड़तेहैं।हमारे बड़े बुजुर्गों से हमने कई वाक्य सुने हैं, जैसे सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, सत्य की हार नहीं होती,सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं,सत्यमेव जयते।

साथियों बात अगर हम सत्यमेव जयते इसकी करें तो हम अनेक शासकीय,अशासकीय स्थानों पर इसका उल्लेख जरूर देखते हैं।यही सत्य है कि हमेशा सत्य की विजय होती है। साथियों बात अगर हम भारतीय आध्यात्मिकता की करें तो हमें यही ज्ञान मिलता है कि सत्य व दौलत है जैसे पहले खर्च करो फिर जिंदगी भर आनंद पाओ और झूठ वह कर्ज है जिससे क्षणिक सुख पाओ और जिंदगी भर उसे चुकाते रहो बिल्कुल सत्य वचन!साथियों यह बात अगर मानव के हृदय में बस जाए तो वाह क्या बात है! हम पृथ्वी लोक में ही स्वर्ग के दर्शन कर सकेंगे।अगर हर भारतीय व्यक्ति चाहे वह सरकारी हो या शासकीय कर्मचारी, मंत्री हो या नेता, कार्यकर्ता हो या मालिक,सभी अगर सत्यता रूपी दौलत को पूरी निष्ठा से खर्च करें अर्थात ईमानदारी से अपनी अफसर शाही ड्यूटी, व्यापार-व्यवसायज दिनचर्या अर्थात जीवन के हर काम हर मोड़ पर सत्यता बरसाएगें तो वह खुद तो जीवन का आनंद जरूर पाएंगें परंतु उससे अधिक भारत को स्वर्ग जैसा सुंदर रचना बनाने में अहम रोल अदा करेगें। भारत एक अपराध मुक्त भारत की परिकल्पना में साकार होगा।कोई अदालत, पुलिस स्टेशन,जांच एजेंसियां नहीं होगी क्योंकि यह सब झूठ और अपराध को काटने के लिए ही बनाई गई हैं।

साथियों बात अगर हम झूठ की करें तो हमने अपने व्यवहारिक जीवन में देखा होगा कि बेईमान, रिश्वतखोर, झूठा, भ्रष्टाचारी, धोखेबाज इत्यादि तरह के मानव कभी अपने जीवन में सुखी नहीं होते। चाहे कितना भी अवैध धन कमा लें,उनके पीछे परिवार का, उनके स्वास्थ्य का, मानसिक हालत हमेशा दुखों में बनी रहती हैउनके शरीर के नसों में झूठ रूपी खून दौड़ता है और इन नकारात्मक झूठे व्यवहारों से उनका क्षणिक आर्थिक सुख मिलता है परंतु उसके लिए उनको जीवन भर कष्टों में गुजारना पड़ता है। जितना क्षणिक सुख प्राप्त होता है वह ब्याज सहित याने अतिरिक्त दुख सहित यहीं इस जीवन में भोगना पड़ता है और फिर अंत में पछताते हैं के ऐसा क्यों हुआ,ऊपर वाले से क्षमा याचना करते हैं।पर कहते हैं ना कि जब चिड़ियां चुग गई खेत,अब पछतावे क्या होए??

साथियों बात अगर हम सत्य की गहराई की करें तो,सत्य दो प्रकार का होता है- एक व्यवहारिक सत्य और दूसरा वास्तविक। व्यवहारिक सत्य का अर्थ है जैसा देखा, जैसा सुना और जैसा अनुभव किया, उसको वैसा ही बोलना सत्य कहलाता है।व्यवहारिक सत्य में हो सकता है, जो एक के लिए सत्य है, वो दूसरे के लिए असत्य हो। वैसे तो हर व्यक्ति अपने मुताबिक अपना सत्य बना लेता है। यह व्यवहारिक सत्य, अनुभव, नजरिए और देश, काल के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। इसलिए इसमें मतभेद की संभावना बनी रहती है।ईमानदार और न्यायवादी व्यक्ति ही सत्य का पालन करता है।यह देखा गया है कि जो लोग ईमानदार होते हैं वह सदैव सच बोलते हैं। झूठे बेईमान और मक्कार लोग सदैव असत्य का फायदा लेकर अपना काम बनाते हैं। हम ऐसे लोगों से बचना चाहिए जो अपने फायदे के लिए (झूठ) असत्य बोलते हैं।सत्य का अर्थ है सते हितम्-अर्थात जिसमें हित या कल्याण निहित हो। सत्य भूत, भविष्य एवं वर्तमान तीनों काल में एक सा रहता है तथा इससे यथार्थ का ज्ञान होता है। साधारण बातचीत में जो सच है, यथार्थ है उसे जानना, समझना, मानना, कहना एवं उसके अनुसार ही व्यवहार करना सत्य है। मानव बोध में सत्य के प्रति श्रद्धा एवं असत्य के प्रति घृणा स्वाभाविक रूप से पाई जाती है।मनुष्य जीवन के लिए सत्य सबसे बड़ी शक्ति हैं।जीवन तथा संसार के सत्य की तलाश कर उसे जीवन में अपनाना मानव मात्र का मूल उद्देश्य हैं।हमारी संस्कृति में सत्य को बड़ा महत्व दिया गया हैं।इस सम्बन्ध में एक महापुरुष ने ठीक ही कहा कि सत्य परेशान हो सकता है मगर पराजित नहीं. भारत की भूमि पर हरिश्चन्द्र जैसे राजा हुए जिनकी सत्यनिष्ठा के चलते वे सत्यवादी कहलाए।सत्य के रास्ते पर चलकर व्यक्ति बड़ी-बड़ी समस्या का समाधान आसानी से कर सकता है।सत्य के मार्ग पर चलकर कई लोगों ने सफलता प्राप्त कर अपना और अपने परिवार का भला किया है।

सत्य के मार्ग पर चलकर कई लोगों ने सफलता प्राप्त कर दुनिया को बदला है। सत्य बोलने से व्यक्ति को सभी सम्मान देते हैं।ऐसा कहा जाता है कि तीन चीजें छुपाए नहीं छुपती- सूरज, चंद्रमा और सत्य। जो लोग सत्य का, न्याय का पक्ष लेते हैं उनकी प्रशंसा सभी लोग करते हैं।सत्य का साथ देने वालों को इतिहास स्वर्णिम पन्नों पर दर्ज करता है। परंतु जो लोग झूठ,असत्य का साथ देते हैं उनकी चारों ओर आलोचना होती है।

# धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत नहीं बल्कि नैतिक आस्था,लोकतंत्र का आधार स्तंम्भ


संजीव ठाकुर

> क्योंकि जब–जब राजनीति ने धर्मनिरपेक्षता को अपने स्वार्थ के लिए हथियार बनाया, समाज का संतुलन बिगड़ा और आम जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा।भारतीय धर्मनिरपेक्षता हमें तर्क, विवेक और स्वतंत्रता की संस्कृति देती है। यह न केवल वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करती है, बल्कि हर नागरिक को आत्मसम्मान और समान अवसर का आश्वासन भी देती है। इस दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है—जो विविधता को एकता में रूपांतरित कर, भारत को विश्व के लिए आदर्श प्रतिमान बना सकती है।आज आवश्यकता है कि इस शाश्वत सिद्धांत को केवल संविधान की पंक्तियों तक सीमित न रखकर, जीवन की प्रत्येक धारा में उतारा जाए। तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और भारत का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप विश्व मंच पर प्रकाश स्तंभ की भांति जगमगाएगा।

धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील आधारशिला है। यह केवल संविधान की पंक्तियों में लिखा गया शब्द भर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन का प्राणतत्व है। भारतीय राजनीति की आत्मा इसी से पोषित होती है। परंतु दुखद है कि आज धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कई बार केवल संवैधानिक औपचारिकताओं तक सीमित रह जाती है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश जैसे प्रदेशों में साम्प्रदायिक झगड़ों की घटनाओं ने इस सिद्धांत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई है और इसके संवैधानिक अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म से विद्वेष रखना नहीं है, बल्कि सभी धर्मों का समान सम्मान करना है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में इसे ह्लसर्वधर्म समभावह्व कहा गया है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य है झ्र राज्य और धर्म का परस्पर हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्ति और उसके अधिकारों को सर्वोच्च मान्यता देना। वहीं भारतीय संदर्भ में यह और अधिक व्यापक है—यह न केवल धर्म और राजनीति के पृथक्करण पर बल देता है, बल्कि समाज में विविध धार्मिक मतों के बीच सहिष्णुता, आदर और समान अवसर की स्थापना का भी उपक्रम करता है।भारत की आजादी के बाद से धर्मनिरपेक्षता ने लोकतंत्र को शक्ति दी है। यहां राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है; सब नागरिक कानून और व्यवस्था की दृष्टि से समान हैं। हर व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार धर्म अपनाने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है। संविधान का 42वां संशोधन (1976) इस भावना को और स्पष्ट करता है, जिसमें ह्लपंथनिरपेक्षह्व शब्द को प्रस्तावना में जोड़ा गया—अर्थात राज्य किसी विशेष मत को न अपनाएगा और न ही किसी धर्म के प्रति भेदभाव करेगा।महात्मा गांधी, मौलाना आजाद, नेहरू, पटेल और शास्त्री जैसे राष्ट्रपुरुषों ने धर्मनिरपेक्षता को केवल राजनीतिक सिद्धांत नहीं, बल्कि नैतिक आस्था माना। स्वतंत्रता संग्राम से पहले हुए सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों ने भी इस मार्ग को प्रशस्त किया। यही कारण है कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति विविधता में एकता रही है—और इस एकता का मूल मंत्र धर्मनिरपेक्षता ही है।आज भारत विकास की सीढ़ियाँ चढ़कर एक वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे समय में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम धर्मनिरपेक्षता की इस स्वस्थ परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखें। लोकतांत्रिक दलों, मीडिया, न्यायपालिका, कार्यपालिका और आम नागरिक—सभी को यह संकल्प लेना होगा कि वे इसे केवल नारों और चुनावी मुद्दों तक सीमित न रखें।

# डीएम बागपत स्मिता लाल पंहुची वृद्धाश्रम, बुजुर्गों के साथ बिताया एक दिन







**वेलकम इंडिया**

**बागपतः** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर संजरपुर कैडवा स्थित समाज कल्याण विभाग के आवासीय वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी स्मिता लाल ने वृद्धजनों संग बैठकर सामूहिक भोजन किया और उन्हें उपयोगी वस्तुएं भेंट कीं। डी एम स्मिता लाल ने विद्युत जनों के साथ लूडो और कैरम भी खेला। डीएम यहां कई घंटे नहीं और वृद्ध जनों का दिल लगाए रखा। कार्यक्रम के दौरान माहौल खुशनुमा और कई बार भावुक हो गया। वरिष्ठ नागरिकों ने स्मिता लाल के साथ संवाद कर अपने अनुभव साझा किए तो उनकी आँखें नम हो उठी। माहौल को हल्का करने के लिए डीएम उनके साथ कई गेम खेली। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉक्टरों की टीम ने बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराईं। कार्यक्रम के दौरान डी एम ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं, उनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाज को दिशा मिलती है। उनका सम्मान और देखभाल करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

# मिशन शक्ति अभियान : ग्राम पंचायत चदिंयाना में चौपाल का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**नरसेना.** महिलाओं की सुरक्षा तथा उन्हें आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार प्रशासन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे महिलाओं को आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा सके। जिसके क्रम में पुलिस विभाग के द्वारा लगातार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को प्रशासन के द्वारा मुहैया कराए जाने वाली विभिन्न तरह की सहायता एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है

जिसके क्रम में विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के ग्राम पंचायत चदिंयाना के किसान फार्म हाउस में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस विभाग के द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान महिलाओं तथा बालिकाओं के साथ हो रहे अपराधों, जिनमें छेड़छाड़ एवं शोषण दुष्कर्म घरेलू हिंसा अपहरण जैसे अपराधों की रोकथाम व विद्यालय न जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के संबंध में प्रेरित कर जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु महिला उपनिरीक्षक हेमा सोलंकी के नेतृत्व में गाँव चदिंयाना में मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं तथा बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें अपने अधिकारों हेतु लड़ने के लिए जागरूक किया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे- यूपी आपातकालीन सेवा-112, विमेन पावर लाइन 1090 ,महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्डलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102,एंबुलेंस सेवा 108 इत्यादि से अवगत कराया गया तथा पीड़ित महिलाओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बनाए गए वन स्टॉप सेंटर के बारे संदर्भ में जानकारी दी गई और साथ ही साथ साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गई।




# पुलिस की पहल: रावण, कुंभकर्ण, मेघनाथ के साथ होगा दहेज जैसी कुरीतियों का दहन

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर जनपद के थाना नरसेना क्षेत्र के गांव कमालपुर में रविवार को रावण दहन के अवसर पर इस बार रावण दहन का एक अलग ही नजारा देखने को मिला। समाज को जागरूक करने और कुरीतियों के अंत का संदेश देने के लिए नरसेना पुलिस ने मिशन शक्ति 5 के तहत एक अनोखी पहल की है। हर साल की तरह रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले तो बनाए गए, लेकिन इस बार इन पुतलों के साथ जो संदेश जुड़ा, उसने सबका ध्यान खींच लिया। पुतलों पर दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ नारे लिखे गए थानाप्रभारी रितेश कुमार का कहना है कि जिस तरह आज रावण कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन होगा, ठीक उसी तरह समाज से इन बुराइयों का भी अंत होना चाहिए नर सेना मिशन शक्ति प्रभारी हेमा सोलंकी ने कहा श्मिशन शक्ति के माध्यम से हमारा मकसद है कि लोग महिला अपराध, घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों से पूरी तरह छुटकारा पाएं। जैसे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है, वैसे ही समाज से अपराध और कुरीतियों का भी खात्मा होना चाहिए। नरसेना पुलिस की इस पहल की लोग सराहना कर रहे हैं। रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के विशाल पुतलों पर लगाए गए बैनर लोगों को सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि त्योहार केवल परंपरा का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी माध्यम हो सकता है। आज देर रात जब इन पुतलों का दहन होगा, तब न केवल अहंकार का अंत होगा, बल्कि यह संदेश भी जाएगा कि समाज से महिला अपराध, घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जैसी बुराइयों को भी जलाकर राख करना है।



# स्वयंसेवको द्वारा निकाला पथ संचलन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर नूरपुर नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्रित हुए। पूरन सिंह (प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर) की अध्यक्षता मे नगर नूरपुर के श्री राम बस्ती मे विजयदशमी पर पथ संचलन का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर मे किया गया जिसमे श्रीमान अनुज प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख का पाथ्य प्राप्त हुआ जिसमे अनुज कुमार ने सभी को संघ की विचार धारा से अबगत कराया और संघ के 6 उत्सव के बारे मे बताया और 6 उत्सव मे से एक उत्सव विजयदशमी पर 100 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मान्य नगर संघचालक राजेन्द्र, नगर खण्ड प्रचारक लाखन, नगर कार्यवाहा दीपक, हिमांशु, अनुभव, गौरव, राजीव राणा, भुवनेश कुमार, श्री राम बस्ती प्रमुख बिर्जेश, अनिल रहे।

# आरएसएस के 100 पूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर गोहावर में स्वयंसेवको सेवकों ने निकाला पथ संचलन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

नूरपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,(आर एस एस) के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने और विजयदशमी उत्सव के उपलक्ष मे ताजपुर खंड के गोहवार मंडल में ग्राम गोहवार में पथसंचलन निकाला गया। रंगोलियों और पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, गूंजे राष्ट्रभक्ति के जयकारे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोहावर बिजनौर में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड कार्यवाह ताजपुर जितेंद्र कुमार ने किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवकुमार सिंह प्रबंधक श्री राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोहावर की। इस अवसर पर प्रातःकाल स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में एकत्रित हुए और अनुशासनबद्ध तरीके से पूरे गांव में पथसंचलन निकाला। पथसंचलन के मार्ग पर ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि पथसंचलन का मुख्य उद्देश्य समाज में राष्ट्रभावना का संचार करना, युवाओं को अनुशासन, संगठन और संस्कृति से जोड़ना है। पथ संचलन में ताजपुर खंड कार्यवाह जितेंद्र कुमार, इंजीनियर कवीश राणा, खंड संचालक डॉ रोहिताश सिंह मंडल कार्यवाह लक्षित चौहान, जिला सह सामाजिक संगठन धनराज सिंह, निर्भय कुमार, प्रधानाचार्य कृष्ण पाल सिंह, नरेश भाटी जिला महामंत्री, गोहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, वीरेंद्र चौहान उर्फ बंटी, राघव प्रताप सिंह, निहाल सिंह, शिव कुमार महेश कुमार, अशोक कुमार, नरेश कुमार, नवनीत कुमार, जैनेंद्र राणा, शैलेंद्र राणा, सुरेंद्र रस्तोगी आदि समस्त गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# मिशन शक्ति फेज-05 के तहत 05 परिवारों का आपसी सहमति से सुलहनामा कराया



वेलकम इंडिया

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में पुलिस लाइन फिरोजाबाद परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र ने मिशन शक्ति फेज-05 के तहत 05 परिवारों का आपसी सहमति से सुलहनामा कराया है। इस पहल से परिवारों की खुशियाँ लौटाई गई हैं। इस कार्यक्रम के दौरान, परिवार परामर्श केन्द्र की टीम ने 05 घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराया गया है। इन मामलों में शामिल परिवारों को समझाया गया कि कैसे वे अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं और अपने रिश्तों को मजबूत बना सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य परिवारों को सुलह और समझौते के माध्यम से अपने मतभेदों को सुलझाने में मदद करना है। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज-05 के तहत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं और परिवारों को सशक्त बनाना है।

# गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा ने गागलहेडी क्षेत्र वासियों के दिलों में बनाई एक अलग ही पहचान

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी

**सहारनपुर/गागलहेडी।** मेहनत योग्यता वाले गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा अलग ही पहचान के लिए जाने जाते हैं। पुलिस विभाग हो या फिर जनता में अपनी बेहतरीन कार्य शैली के लिए मशहूर है गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा इनका पूर्व का कार्यकाल बताता है कि उन्होंने पुलिस के गौरव को बढ़ाने के साथ जनता में अपनी अलग खास पहचान कायम की है कहीं भी रहे हो अपनी कार्य कुशलता से लोगों के दिल में अलग ही पहचान बनाई है प्रवेश शर्मा की अच्छी कार्यशाली को देखते हुए सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने प्रवेश शर्मा को गागलहेडी थानाध्यक्ष बनाया गया है। जिला सहारनपुर के गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा व्यवहार कुशलता के धनी होने के साथ साथ पुलिस विभाग में अपनी अलग पहचान रखते हैं। गागलहेडी थाने का क्षेत्रफल काफी लंबा है, फिर भी प्रवेश शर्मा ने मेहनत एव तत्परता के दम पर शीर्ष अधिकारियों को विश्वास में लेकर सदैव बेहतर करने का प्रयास किया अपने अधिकारियों के मार्ग निर्देश में बेहतर कार्य करते हुए गागलहेडी थाना प्रभारी प्रवेश शर्मा सदैव खरा उतरने की कोशिश में रहे हैं गागलहेडी क्षेत्र की जनता पर के दिलों पर छाप छोड़ कर अपने अधिकारियों के नेतृत्व में प्रवेश शर्मा ने एक से बढ़कर एक गुड वर्क किये ओर सबसे परिपूर्ण कानून व्यवस्था को मजबूत बनाकर रखा प्रवेश शर्मा का अब तक का कार्यकाल सराहनीय रहा है।



# संदीप शर्मा को राष्ट्रीय योगी सेना का संरक्षण मनोनीत किया गया



वेलकम इंडिया

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय योगी सेना महानगर द्वारा एक आपातकालीन बैठक महानगर संरक्षक संदीप शर्मा के निवास स्थान कोर्ट रोड निकट बालाजी मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय योगी सेना के मंडल अध्यक्ष महेंद्र पंकज बाबू रहे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय योगी सेना के महानगर अध्यक्ष समीर शर्मा ने की एवं संचालन महानगर महामंत्री अनुराग भारद्वाज ने किया बैठक में सर्वसम्मति से महानगर अध्यक्ष द्वारा संदीप शर्मा को महानगर संरक्षण मनोनीत किया गया। शनि भटनागर को महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष पंकज जी महानगर अध्यक्ष समीर शर्मा जी महानगर महामंत्री अनुराग भारद्वाज, महानगर प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, संरक्षक महानगर के संदीप शर्मा, मनदीप यादव, अभिनव सिंघल, आकाश रस्तोगी, अतुल गुप्ता, अरुण अग्रवाल, प्रदीप, मोहन सिंह एडवोकेट, विकास, नवनीत गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, नवीन सिंह, नरेश श्रीमाली एवं समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार एवं तृप्ति समाचार के शरद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आभा फाउंडेशन का चतुर्थ निःशुल्क चश्मा वितरण शिविर सफल




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल, स्याऊ में आयोजित चतुर्थ निःशुल्क नेत्र शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में लगभग 2000 लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में लगभग 2000 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 1450 लाभार्थियों को 12 अक्टूबर 2025 (रविवार) को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे और 155 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया तथा 550 जरूरतमंदों को दवाइयां वितरित की गईं। यह आभा फाउंडेशन द्वारा लगाया गया चौथा नेत्र शिविर था। अब तक संस्था के माध्यम से लगभग 10,000 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह हर वर्ष जरूरतमंदों के लिए विभिन्न सामाजिक कार्य करती है। इनमें गरीब कन्याओं के विवाह का आयोजन, सर्दी में रजाई वितरण, बाढ़ पीड़ित परिवारों को राशन उपलब्ध कराना और कंप्यूटर सेंटर का संचालन शामिल है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग तक मदद पहुँचाना है। साथ ही उन्होंने अपने पति पुष्पराज सिंह को अपनी प्रेरणा का स्त्रोत बताया। कार्यक्रम के समापन पर घोषणा की गई कि आभा फाउंडेशन का अगला निःशुल्क नेत्र शिविर 26 अक्टूबर 2025 को ब्लॉक जलीलपुर में आयोजित किया जाएगा।

# बेटियों के विवाह के लिए टीएससीटी की कन्यादान योजना शुरू

वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) ने एक प्रेरणादायक पहल, कन्यादान योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस नेक अभियान के तहत 301 जरूरतमंद कन्याओं के विवाह के लिए सामूहिक सहयोग जुटाया जा रहा है, ताकि उनकी जिंदगी में खुशहाली और सम्मान की नई शुरूआत हो सके। टीएससीटी ब्लॉक भगतपुर टाण्डा की कन्यादान प्रभारी शाजिया अहसन ने बताया कि इस अभियान में प्रत्येक सदस्य से मात्र 301 रुपये का एकमुश्त सहयोग लिया जा रहा है। यह राशि प्रति कन्या 1 रुपये के अनुपात में होगी और 301 कन्याओं के विवाह तक मान्य रहेगी। यह छोटा-सा योगदान समाज में बेटियों के लिए बड़े बदलाव का आधार बनेगा। सहयोग राशि 11 अक्टूबर तक निर्धारित बैंक खाते में जमा करानी होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता इसकी पूर्ण पारदर्शिता है। कन्यादान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी सहयोगकताओं को वित्तीय विवरण की विस्तृत पीडीएफ रिपोर्ट प्रदान की जाएगी। प्राप्त राशि को 301 कन्याओं के बीच समान और पारदर्शी रूप से वितरित किया जाएगा। शाजिया अहसन ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक मदद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर बेटी हमारी बेटी है की भावना को समाज में मजबूत करने का एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने टीएससीटी के सभी सदस्यों से इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद देने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि कन्यादान योजना में हिस्सा लेने के लिए टीएससीटी की स्थानीय कन्यादान टीम से संपर्क करें और निर्धारित बैंक खाते में 11 अक्टूबर तक अपनी सहयोग राशि जमा करें।



# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा ग्राम उमरी स्थित प्रगतिशील कृषक के पाली फॉर्म का किया गया निरीक्षण

वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा ग्राम उमरी स्थित प्रगतिशील कृषक श्री ऋतुराज सिंह के जैविक फार्म का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अप कृषि निदेशक घनश्याम वर्मा, उपजिलाधिकारी धामपुर सुश्री स्मृति मिश्रा, जसवीर सिंह जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा ऑर्गेनिक ड्रैगन फ्रूट की आधुनिक खेती का अवलोकन पाया कि उर्द, गन्ना एवं अन्य औद्यानिक फसलों की सहफसली पद्धति के साथ उत्पादन किया जा रहा है। श्री ऋतुराज सिंह ने वैज्ञानिक एवं नवीन तकनीक प्रयोग कर कृषि को एक नया आयाम प्रदान किया है। उन्होंने पूरी निष्ठा और लगन से की जा रही जैविक ड्रैगन फ्रूट खेती, तथा अन्य फसलों का जैविक उत्पादन देखकर न केवल उनकी सराहना की, बल्कि उन्हें जनपद के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। उन्होंने कहा ऐसे प्रगतिशील किसान ही जनपद के कृषि क्षेत्र का गौरव हैं। इनकी मेहनत और नवाचार से अन्य किसानों को भी नई दिशा मिलेगी। कृषि को जैविक और टिकाऊ बनाने की दिशा में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।



# साठा चौरासी में गूंजी पूर्वांचल के शेर की दहाड़ और जैसलमेर की महारानी की ललकार

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद हापुड़ जैसा कि जनपद वासियों को विदित है की ठाकुर अजय चौहान की अगवाई में आज दिनांक 5 अक्टूबर 2025 को जनपद के पिलखवा क्षेत्र स्थित कन्हा श्याम मंडप में सर्व समाज का दीपावली मिलन एवं सहभोज कार्यक्रम रखा गया था जिसकी तैयारी पिछले कई दिनों से आयोजक मंडल करता आ रहा था अंततः मेहनत रंग लाई समय अनुसार दीपावली मिलन एवं सहभोज कार्यक्रम दोपहर 12:00 बजे आरंभ होना था अतः सुबह से ही क्षेत्र वासियों का जमावड़ा कार्यक्रम स्थल पर लगने लगा पूरी पूरी तैयारी एवं जोर शोर के साथ कार्यक्रम अपने यथा समय पर प्रारंभ हुआ और सम्मानित मंच देश प्रदेश की चिर परिचित एवं प्रतिष्ठित हस्तियों से शोभायमान मन हो गया।

जहां एक तरफ मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद बृजभूषण शरण सिंह मंच पर आसीन थे वहीं दूसरी तरफ कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए जैसलमेर दरबार के महारानी राजेश्वरी राजलक्ष्मी भाटी उपस्थित हुई सर्व समाज को आशीर्वचन देने के लिए महामंडलेश्वर डॉ स्वामी शाश्वतानंद गिरि जी महाराज ने अपने सुवचनों से क्षेत्र वासियो को मंत्र मुक्त किया कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम सहसंयोजक रविंद्र सिंह चौहान ने किया साठा 84 क्षेत्र की विभिन्न जानी-मानी हस्तियो के सुवचनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसको क्षेत्र की जनता ने मंत्र मुक्त होकर सुना।

मुख्य वक्ता के ग्रुप में जब कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे बृजभूषण शरण सिंह ने हुंकार भरी तो क्षेत्रवासी गदगद हो उठे अपने चिर परिचित अंदाज में कुछ गीत और दोहो मुहावरों के साथ जब मान्य बृजभूषण शरण सिंह ने क्षेत्र वासियों को संबोधित किया तो पूरा पंडाल भारत माता की जयकारों के साथ मंत्र मुग्ध हो एक सूत्र में बंध गया मानो क्षेत्र की जनता पूर्वांचल के लाल को सुनने के लिए ही एकत्र हुई होअपने चिर परिचित अंदाज में श्री बृजभूषण शरण सिंह ने क्षेत्र के नौजवानों को बल बुद्धि और विद्या इन तीनों को जीवन का मूल मंत्र बनाने के लिए आवाहन किया। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही जैसलमेर की महारानी राजलक्ष्मी भाटी ने जब माइक संभाला तो सभा में एकत्र युवाओं के साथ महिला शक्ति भी मंत्र मुक्त हो गए जैसा कि कार्यक्रम के टाइटल से ही विदित है कि यह कार्यक्रम सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए एवं दीपावली मिलन और सहभोज के लिए आयोजित किया गया था निश्चित ही साठा 84 क्षेत्र में आयोजित सर्व समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए 36 बिरादरियों को एक मंच पर एकजुट करने के लिए आयोजित इस सभा की धमक देश प्रदेश में गूंजेगी।

# वाराणसी की मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने मॉडलिंग से बनाया समाज में संदेश, अब बॉलीवुड में करेगी एंट्री

वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी



**वाराणसी।** वाराणसी की अपनी मेहनत और प्रतिभा से मिसेज एशिया का खिताब जीतने वाली विजयता सचदेवा अब मॉडलिंग के जरिए समाज में सकारात्मक संदेश दे रही हैं। केवल ग्लैमर तक सीमित न रहकर, सचदेवा ने मॉडलिंग के हर इवेंट में बच्चों, युवाओं और बड़े-बुजुर्गों तक समाज के लिए सीख और संदेश पहुँचाने की पहल की है। विजयता सचदेवा का कहना है कि मॉडलिंग सिर्फ दिखावे या फैशन तक सीमित नहीं है।यह एक ऐसा माध्यम है जिससे लोग अपने व्यक्तित्व को निखार सकते हैं, आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और समाज में प्रेरणा फैलाने का काम कर सकते हैं। उन्होंने कई इवेंट्स और फैशन शोज में हिस्सा लिया और हर मौके पर बच्चों और युवाओं को सही तरीके से तैयारी करने, अनुशासन बनाए रखने और मेहनत करने की सीख दी।

मॉडलिंग के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि कैसे तैयार होना चाहिए और किन बातों से बचना चाहिए। उनका मानना है कि केवल बाहरी रूप पर ध्यान देने से सफलता नहीं मिलती, बल्कि आत्मविश्वास, व्यवहार और समाज के लिए संदेश देना भी उतना ही जरूरी है।

अभी विजयता सचदेवा बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की योजना बना रही हैं। उनका उद्देश्य केवल अभिनय करना नहीं, बल्कि अपने अनुभव और सीख के जरिए युवा कलाकारों को प्रेरित करना है। उनके अनुसार, मॉडलिंग और फिल्म इंडस्ट्री दोनों में सफलता पाने के लिए सही मार्गदर्शन, तैयारी और मेहनत जरूरी है। विजयता सचदेवा की यह पहल समाज में एक नई ऊर्जा भर रही है।उनके कार्यक्रमों में शामिल लोग न केवल ग्लैमर का अनुभव करते हैं, बल्कि सीखते हैं कि कैसे अपने व्यक्तित्व को निखारें, अनुशासन बनाए रखें और समाज के लिए एक अच्छा संदेश फैलाएं। विजयता सचदेवा का मानना है कि हर युवा, चाहे वह बच्चा हो या बड़ा, अगर सही मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, तो मॉडलिंग और फिल्म इंडस्ट्री दोनों में सफलता हासिल कर सकता है।

# शिवम पहलवान वाराणसी ने अजीत पहलवान जौनपुर को पटकनी देकर आठ हजार का पुरस्कार जीता



वेलकम इंडियासंदीप तिवारी

**कछवांरोड।** क्षेत्र के बिहड़ा गांव (मिजार्मुराद) में श्री डीह बाबा मंदिर पर रविवार को कुश्ती दंगल प्रतियोगिता आयोजित किया गया।कुश्ती दोपहर में चालू हुआ और देर शाम तक चला जिसमें में कुल 52 कुश्ती हुई। कुश्ती में शिवम पहलवान मुगवार वाराणसी ने अजीत पहलवान जौनपुर को पटकनी देकर आठ हजार का पुरस्कार जीता। इस मौके पर महिला पहलवान लक्ष्मी गुप्ता वाराणसी ने भदोही की महिला पहलवान कोमल यादव को हराकर पांच हजार का पुरस्कार जीता इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के शहर दक्षिणी के पूर्व प्रत्याशी कामेश्वर नाथ दीक्षित ने पहलवानों का हाथ मिलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमरनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष विधानसभा समाजवादी पार्टी, अध्यक्ष हुबलाल यादव, उपाध्यक्ष लालबहादुर यादव, व्यवस्थापक के रूप में मुरारी लाल यादव संचालन नंदलाल यादव व राजू यादव मौजूद रहे।

## स्टेट बैंक के एटीएम में लगी आग

**मथुरा/कोसीकलां।** नगर के सब्जी मंडी इलाके में स्थिति स्टेट बैंक के एटीएम में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। पुलिस की सूचना पर पहुंची दमकल की गाडी ने बमुष्किल आग पर काबू पाया। नगर के सब्जी मंडी में व्यस्तम इलाके में स्टेट बैंक स्थित है। बैंक के बाहर ही बैंक का एटीएम भी लगा हुआ है। हर रविवार की तरह गत दिवस भी बैंक बंद थी और एटीएम से लोग लेनदेन कर रहे थे। सांय करीब 4 बजे अचानक एटीएम में लगे एसी से घुंआ उठने लगा और देखते ही देखते आग ने भयानक रूप से ले लिया। इस दौरान बाजार में हडकंप मच गया। बैंक के बाहर तथा एटीएम पर कोई भी सुरक्षा गार्ड मौजूद न होने के कारण बैक के आसपास मौजूद बाजार के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले की सूचना फायर विग्रेड को दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाडी ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि फायर बिग्रेड की गाडी समय से घटना स्थल पर पहुंच गई। बरना बडा हादसा दोने से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने बताया कि एटीएम को कोई हानि नहीं हुई है।

## 03 शातिर चोर गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** थाना छतारी पुलिस द्वारा ग्राम बरखेड़ा के पास से 03 शातिर चोरों को 01 टेम्पों घटना में प्रयुक्त, 02 फोन, 7500/- रुपये नकद एवं चोरी किया 100 लीटर डीजल सहित गौरव पुत्र राजीव निवासी ग्राम धौरऊ थाना छतारी अनुराग पुत्र संजीव निवासी ग्राम धौरऊ थाना छतारीपिंका पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम सराय हरनारायण थाना सासनीगेट जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

# जीएस टीवीएस के साथ ही उ.प्र.में कंपनी ने अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया- अरविंद कुमार गुप्ता

संदीप तिवारी। वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** वैश्विक स्तर पर दो और तीन पहिया वाहनों की अग्रणी निमार्ता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने रविवार को राजातालाब (भिखारीपुर) में अपने नए अत्याधुनिक डीलरशिप एम/एस जीएस ऑटोमोटिव एलएलपी शोरूम का शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि के रूप में टीवीएस कंपनी के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट एवं रीजनल बिजनेस हेड (नार्थ जोन) अरविंद कुमार गुप्ता ने जीएस शोरूम का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया।मुख्य अतिथि अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि यह वाराणसी में टीवीएस मोटर की छठी और उत्तर प्रदेश क्षेत्र की 168 वीं डीलरशिप है, जो उत्तर भारत के प्रमुख बाजारों में कंपनी की मजबूत उपस्थिति और विस्तार के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

विशिष्ट अतिथि रिजिनल मैनेजर सेल्स हितेश महाजन ने बताया कि एम/एस जीएस ऑटोमोटिव एलएलपी में टीवीएस मोटर के संपूर्ण उत्पाद पोर्टफोलियो की बिक्री होगी, जिसमें प्रमुख मॉडल - टीवीएस अपाचे आरआर 310, टीवीएस आईक्यूब, टीवीएस ज्यूपिटर, और टीवीएस रेडर शामिल हैं, जिससे ग्राहकों को हर सेगमेंट में विश्व-स्तरीय मोबिलिटी समाधान मिल सकेगा।शोरूम के मालिक आशीष दुबे ने बताया कि यह डीलरशिप स्वचालित सर्विस, प्रीमियम कस्टमर लाउंज, और ईवी सर्विसिंग के लिए समर्पित क्षेत्र जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जो ग्राहक-प्रथम नवाचार के प्रति टीवीएस मोटर की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।उन्होंने अतिथियों को अंगवस्त्र व गुलदस्ता प्रदान कर स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, डॉ महेंद्र सिंह पटेल, मझवा ब्लॉक प्रमुख दिलीप सिंह, विधायक सैयदराजा सुशील सिंह, गौरीशंकर दुबे, उग्रेश कुमार, अमित द्विवेदी, विशाल श्रीवास्तव, आरिफ खान, राजू मिश्रा, योगेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, ग्राम प्रधान रामशरण यादव, आशुतोष दुबे, शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू', प्रदीप सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छोटा हाथी ने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर हुई मौत

**बुलंदशहर।** शिकारपुर में मेरठ बदायूं हाईवे पर भगत होटल के पास तेज रफ्तार छोटा हाथी ने बाइक सवार युवक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में राहगीरों ने युवक को शिकारपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार मेघराज पुत्र तेजवीर लोधी उम्र करीब (26) वर्ष निवासी मौहल्ला कोटकलां कस्बा शिकारपुर का रहने वाला था जोकि रविवार शाम को वह अपने घर से बाइक पर सवार होकर दिल्ली जा रहा था लेकिन शिकारपुर में भगतजी होटल के निकट एक्सीडेंट हो गया। सड़क दुर्घटना में मेघराज की मौत हो गई। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बुलंदशहर भेज दिया है। उधर शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया है कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहता है कदंब फाउंडेशन




वेलकम इंडिया

**मथुरा/वृंदावन।** सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा सक्रिय रहने वाली संस्था कदंब डबलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन बहरोड़ के द्वारा वृंदावन स्थित एक कॉलोनी में वृक्षों की सिंचाई हेतु जल की व्यवस्था हेतु समरसेवल लगवाई गई है।

अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्था हमेशा सामाजिक कार्यों में लिए सक्रिय रहती है। पूर्व में ब्रज में कई स्थानों पर संस्था द्वारा वृक्षारोपण का कार्य भी कराया गया है। बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु महाराज ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि कदंब फाउंडेशन हमेशा सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहता है।संस्था द्वारा अब तक कई गरीब कन्याओं की शादी कराई जा चुकी है।वृक्षारोपण ,असहाय दिव्यांग लोगों के अंग प्रत्यारोपण के कार्य जैसे पुनीत कार्य समय समय पर कराए जाते रहे हैं।

इस अवसर पर सचिव दिव्यम अग्रवाल,शिल्पा अग्रवाल,बर्बरीक अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पार्षद ने चिकित्सा शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** पार्षद चंदन आहूजा द्वारा कृष्णा नगर वार्ड 30 मे आज विशाल होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया गया।

वार्ड की जनता ने हर्ष और उल्लास के साथ शिविर मे सहभागिता कर त्वचा रोग, श्वास रोग, पेट रोग, मानसिक रोग, जोड़ रोग व लेजर मशीन द्वारा तिल व मस्से हटाने व स्वास्थ्य केम्प का पूर्ण लाभ प्राप्त किया। जिसमें मुख्य रूप से डा स्वर्णलता जी बीएचएमएस (जर्मनी)गोल्ड मेडलिस्ट, डा उमा चौहान डेंटल सर्जन स्पेशलीस्ट भास्कर हॉस्पिटल व डा कमल सिँह द्वारा जनता को निशुल्क सेवा व दवाईया प्रदान की गई।

पार्षद चंदन आहूजा ने बताया इन दिनों स्किन व चर्म रोग एलर्जी बहुत ज्यादा मात्रा मे फैल रही है, ऐसे मे रोगों को जड़ से खत्म करने मे होम्योपैथिक एक महत्वपूर्ण व अचूक उपाय साबित हो रहा है।

## कत्यूर घाटी में धान की फसल की तैयार, कटाई व मड़ाई में जुटे किसान

**गरुड़।** कत्यूर घाटी में धान की फसल पककर तैयार हो गई है। काश्तकार अब धान की फसल की कटाई व मड़ाई में जुट गए हैं। कत्यूर घाटी को धान का कटोरा कहा जाता है। धान उत्पादन के क्षेत्र में कत्यूर घाटी का कोई सानी नहीं है। यहां धान की फसल काफी मात्रा में होती है। यहां का चाईना फोर धान काफी प्रसिद्ध है।लोग दूर-दूर से धान खरीदने यहां आते हैं।यहां का धान दूर महानगरों में भी जाता है।उपराऊ व तलाऊ में यहां किसान धान की खेती करते हैं। उपराऊ में धान की फसल कट चुकी है। इन दिनों तलाऊ में किसान धान की फसल की कटाई में जुटे हैं। प्रगतिशील काश्तकार भूपाल सिंह, नंदाबल्लभ पांडे, कृष्ण चंद्र तिवारी, गोपाल सिंह नेगी आदि ने बताया कि इस बार बारिश अधिक होने से धान की पैदावार काफी हुई है। उन्होंने बताया कि धान के खरीददार अभी से आने लगे हैं। असोज के महीने के चलते आजकल किसानों को फुर्सत नहीं हैं। किसान धान की फसल समेटने में जुट गए हैं।

# शरद पूर्णिमा की चांदनी में बसता है अमृत – एस्ट्रोलॉजर नीरू नागी ने बताया कैसे बदल सकती है जीवन की दिशा

वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी



**प्रयागराज।** वर्ष की सबसे उजली और पवित्र रात शरद पूर्णिमा को लेकर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्या नीरू नागी ने बताया कि यह रात चंद्रमा की अद्भुत ऊर्जा और अमृतमयी किरणों से भरी होती है।इस दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं में होता है, और उसकी रोशनी धरती पर अमृत बरसाती है।

एस्ट्रोलॉजर नीरू नागी ने कहा कि शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा का दर्शन करना और ध्यान लगाना अत्यंत लाभकारी होता है। इस समय चंद्रकिरणों में मौजूद सूक्ष्म ऊर्जा शरीर के रोगों को दूर करने और मन को शांत करने में सहायक होती है।

उन्होंने बताया कि इस दिन घर की छत या खुले आंगन में चांदी के बर्तन में रखी खीर या दूध की थाली को चांदनी में रखकर, रात्रि 12 बजे बाद उसका सेवन करना चाहिए। ऐसा करने से स्वास्थ्य, समृद्धि और मानसिक शांति प्राप्त होती है। नीरू नागी ने बताया कि जिन लोगों के जीवन में रुकावटें, मानसिक तनाव या आर्थिक समस्याएं हैं, उन्हें इस रात ह्लॐ चंद्राय नमःह्व मंत्र का 108 बार जप अवश्य करना चाहिए। यह उपाय चंद्रमा की कृपा और मन की स्थिरता प्रदान करता है।

उन्होंने कहा ह्लशरद पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं, बल्कि वह दिव्य क्षण है जब चंद्रमा अपनी शीतलता और ऊर्जा से समस्त ब्रह्मांड को स्पर्श करता है।जो व्यक्ति श्रद्धा और सकारात्मक भावना से इस ऊर्जा को ग्रहण करता है, उसके जीवन में सुख, सौभाग्य और सफलता के नए द्वार खुलते हैं।

अंत में नीरू नागी ने सभी से अपील की कि इस रात को केवल पूजा-पाठ तक सीमित न रखें, बल्कि मन को शांति देने और आत्मा को ऊर्जा से भरने का माध्यम बनाएं।

# अवैध तश्करी करने वालों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** जिले को नशा मुक्त करने का अभियान जोर शोर से चल रहा है। आबकारी विभाग की लापरवाही और नशा तश्करो को मिल रहे संरक्षण का फायदा उठाकर नशा तश्कर गांवों में अवैध तश्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।उन्हें पुलिस प्रशासन का भी भय नही रहता है।अब दीपावली पर्व के नजदीक आते ही नशा तश्करो की मौज आने लगी है।

नशे की तश्करी करने वाले अपने एजेंटों को शराब की खेप पहुंचाने में जुट गए है।जबकि जिम्मेदार आबकारी विभाग इस ओर आंख मूंदे हुए हैं।लोगों ने आबकारी विभाग और अन्य जिम्मेदारों पर मिलीभगत के आरोप भी लगाए हैं।

वही गत रात्रि कपकोट तहसील के जगथाना गांव के नव युवक मंगल दल और महिला मंगल दल ने गांव को नशामुक्त बनाने के संकल्प लेते हुए ऐसे तश्करी करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने शनिवार की रात कार में अवैध शराब की खेप भरकर ला रहे तश्करो को गांव के पास एकत्रित होकर शराब तश्करी करने वालों को पकड़कर शराब को कपकोट थाना पुलिस को बुलाकर अवैध शराब को कपकोट पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि यदि आबकारी विभाग और पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती तो आंदोलन का बिगुल बजा दिया जाएगा।

# नगर व्यापार मंडल पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नगर इकाई के नव निर्चाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हो गया है। मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। अध्यक्ष सूरज जोशी ने कहा कि नई कार्रकारिणी पारदर्शिता और एकता के साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य करेगी।

रविवार को ताकुला मार्ग स्थित एक पैलेस में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष सूरज जोशी, उपाध्यक्ष गिरीश बिष्ट, उपाध्यक्षा महिला माया गड़िया, महामंत्री देवेंद्र अधिकारी, सह सचिव योगेश पूना और कोषाध्यक्ष आलोक साह ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष खेतवाल और विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास ने नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने नई नगर व्यापार मंडल इकाई टीम से नगर के व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करते हुए स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने सभी व्यापारियों से नगर के समुचित विकास हेतु अपने स्तर से व्यापारियों को हर संभव सहयोग देने और नगर के विकास में सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की। विधायक प्रतिनिधि भाष्कर दास ने कहा कि व्यापारियों को नगर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा।नगर का समुचित विकास हो सके व्यापारी खुशहाल बने इसके लिए स्थानीय विधायक पार्वती दास के प्रतिनिधि के तौर पर व्यापारियों को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अनिल कार्की ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बबलू नेगी, उपाध्यक्ष राजेंद्र परिहार, प्रदेश संगठन मंत्री हरीश सोनी, नवीन लाल साह, उमेश साह, किशन सोनी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# नफरती मौलाना तौकीर के सात कमांडर अब खुफिया एजेंसियों के रेडार पर... हर कॉल, हर कदम पर नजर

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता


अनीस सकलैनी। मुनीर इदरीशी। नदीम खा। अफजाल बेग। साजिद सकलैनी। अल्तमश रजा खा। एहसानुलहक।

**बरेली।** बरेली बवाल के मास्टरमाइंड्स अब खुफिया एजेंसियों के रेडार पर आ गए हैं। मौलाना तौकीर रजा के ‟स्पेशल कमांडर" माने जाने वाले सात आईएमसी नेताओं पर लोकल इंटेलिजेंस यूनिट (एलआईयू) ने कड़ा शिकंजा कस दिया है। इन सभी पर 24 घंटे सर्विलांस रखा जाएगा और उनके संपर्कों, गतिविधियों और वित्तीय लेन-देन की आपराधिक कुंडली तैयार की जाएगी। एलआईयू ने अफजाल बेग, अनीस सकलैनी, मुनीर इदरीशी, नदीम खां, साजिद सकलैनी, अल्तमश रजा खां, और मौलाना एहसानुल हक चतुर्वेदी के नाम खोले हैं। ये सभी आईएमसी से जुड़े सक्रिय पदाधिकारी बताए जा रहे हैं।

खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, इन नेताओं ने 26 सितंबर के बवाल के दौरान भीड़ को भड़काने, नारेबाजी और पुलिस पर पथराव में अहम भूमिका निभाई थी। इन सभी के उपद्रव कार्ड तैयार हो रहे हैं। जुमा की नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड जाने की कोशिश में भीड़ ने जब पुलिस को रोका तो हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने न सिर्फ पुलिस पर पथराव किया बल्कि फायरिंग भी की।

पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़कर तीन घंटे में हालात काबू में किए। घटना के बाद पांच थानों में 10 मुकदमे, 126 नामजद, और 3225 अज्ञात उपद्रवी दर्ज किए गए। अब तक 89 गिरफ्तार, जिनमें 83 जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि बाकी का शांतिभंग में चालान किया गया है। एलआईयू के डिप्टी एसपी विजय राणा की टीम ने उपद्रवियों के स्पेशल कार्ड तैयार कर लिए हैं। खुफिया एजेंसी अब इन सभी संदिग्धों की कॉल डिटेल, सोशल मीडिया गतिविधियों और मीटिंग्स पर नजर रखेगी। इसके अलावा, इनसे जुड़े पुराने मामलों और धार्मिक आयोजनों में उनकी भूमिका भी खंगाली जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी को आशंका है कि ये लोग आगे भी शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। फिलहाल शहर में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस ने सभी संवेदनशील स्थानों पर फोर्स की तैनाती बरकरार रखी है। नगर निगम स्थित आई-ट्रिपल-सी कंट्रोल रूम से पूरे शहर की निगरानी की जा रही है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर सीओ और थाना प्रभारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी उकसावे की कोशिश पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

## वाहन की टक्कर से किशोरी की मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** अपने मामा के साथ बाइक पर बैठ कर दवा कराने जा रही किशोरी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे मामा भांजी दोनों लोग घायल हो गए जिन्हें ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित श्रीरामगंज चौराहे के समीप घटना उस वक्त घटी जब पूरे गौहर निवासी अली आलम अपनी भांजी सबनूर बानो उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी मोहिद्दीन पुर थाना शुक्ल बाजार को बाइक पर बैठा कर दवा कराने जायस जा रहें थे। अचानक अज्ञात वाहन के टक्कर से दोनों मामा भांजी घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत्यु घोषित करके मामा का उपचार जारी है। घटना की सुचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला भेजा। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतक का शव भेजकर अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# दिन में हुए हाउस अरेस्ट, रात ढलते ही मुशायरे की महफि ल में गजलों पर झूमते नजर आए सपा नेता

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** शहर में हुए बवाल की राख अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संवेदना की राजनीति को भी ‟कलाह" का रूप दे दिया। दिन में प्रशासन से जूझने और हाउस अरेस्ट की शिकायत करने वाले सपा नेता रात ढलते ही मुशायरे की महफि ल में गजलों पर झूमते नजर आए। जनता ने कहा ये दर्द नहीं, अदाकारी है!

शनिवार सुबह सपा का 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मुस्लिम समुदाय से मुलाकात और प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के लिए तैयार था। शहर के सपा नेताओं ने दिनभर सोशल मीडिया पर संदेश उड़ाए कि उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया गया है, आवाज उठाने से रोका जा रहा है। लेकिन रात के साए गिरते ही वही नेता एक शाम एकता के नाम मुशायरे में पहुँचे। जहाँ तालियाँ भी थीं, शेर भी, और वाह-वाह की गूँज भी। सिविल लाइंस स्थित आईएमए हाल में आयोजित मुशायरे में सपा के नेता डॉ. अनीस बेग मेजबान बने। कवि आरिश रईस, शाश्वत, मणिका दुबे, शारिक कैफ, मध्यम सक्सेना, वसीम नाज़िर, मोहन मुंतजिर, सलमान सईद, कमल शर्मा जैसे शायरों ने समां बाँध दिया। वहीं दर्शकदीर्घा में बैठे सपा के नेता शमीम खां सुल्तानी, शुभलेश यादव, प्रमोद बिष्ट, अशोक यादव आदि ‟काफि यों और ‟कलाम पर दिल खोलकर वाह-वाह करते नजर आए। जिन नेताओं ने सुबह खुद को लोकतंत्र का कैदी बताया, शाम तक वही महफि ल के मेहमान बन गए। इंटरनेट मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो वायरल होते ही लोगों ने सवाल दागे, क्या यह वही सपा है जो दिन में प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाती है और रात में कविताओं में खो जाती है? एक ओर शहर में शांति बहाली के प्रयास जारी हैं, वहीं सपा नेता अपनी सांस्कृतिक सक्रियता का प्रदर्शन कर रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सपा के नेताओं को जनता के दर्द से ज्यादा मुशायरे की मिठास भा गई है। दिन में गिरफ्तारी की कहानी, और रात में शायरी की रवानी, यही है सपा नेताओं का नया अंदाज!

# नशे में धुत सिपाहियों ने जिला अस्पताल में मचाया हंगामा




वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** रविवार सुबह जिला अस्पताल में तेज रफ्तार कार सीधे इमरजेंसी वार्ड के गेट में जा घुसी। हादसे के बाद कुछ देर तक अस्पताल परिसर में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि उस समय वहां मरीजों और तीमारदारों की भीड़ नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सुबह करीब आठ बजे एक कार अस्पताल के मुख्य गेट से अंदर दाखिल हुई। चालक ने अस्पताल परिसर में भी रफ्तार नहीं रोकी और सीधे इमरजेंसी के सामने पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गेट के बाहर रखे गमले, स्ट्रेचर और रेलिंग तक चकनाचूर हो गए। चश्मदीदों के मुताबिक, कार में दो पुलिसकर्मी सवार थे, जो अस्पताल में भर्ती एक बंदी की सुरक्षा में तैनात थे। दोनों नशे में धुत थे और तेज रफ्तार में कार दौड़ा रहे थे। टक्कर के बाद दोनों सिपाही मौके से फरार हो गए। उनकी पहचान रोहित राणा और पुष्पेंद्र सिंह के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही जेल अधीक्षक विपिन कुमार मिश्रा ने तत्काल दोनों सिपाहियों को निलंबित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने भी पूरे मामले की रिपोर्ट संबंधित विभाग को भेज दी है। हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है।

# गोल्डी बरार गैंग के शूटर बरेली कोर्ट में पेश, पुलिस के हाथ लगी मायूसी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** शहर में हुए हालिया बवाल के बीच अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग का मामला लगभग दबकर रह गया था। इसी बीच दिल्ली पुलिस गोल्डी बरार और रोहित गोदारा गैंग से जुड़े शूटरों विजय और नकुल को बरेली किशोर न्याय बोर्ड में पेश कराकर वापस दिल्ली ले गई। जिस कारण बरेली की कोतवाली पुलिस को दोनों से पूछताछ करने का मौका ही नहीं मिल सका। अब बरेली पुलिस दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेने की प्रक्रिया दोबारा शुरू करने जा रही है। आपको बता दें कि 11 सितंबर और 12 सितंबर को गोल्डी बरार-रोहित गोदारा गैंग के शूटरों ने बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की थी। घटना के बाद पुलिस ने 2500 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज, 300 होटल्स और शहरभर के एटीएम कैमरों की जांच की थी। कड़ी निगरानी के बाद आरोपियों का सुराग मिला। इस मामले में शामिल दो मुख्य शूटर रविंद्र और अरुण को 19 सितंबर को यूपी एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया था। इसके बाद पहले दिन फायरिंग करने वाले दो अन्य शूटर नकुल और विजय को दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने उनके पास से पिस्टल, तमंचे, कारतूस और बाइक बरामद की थी। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली के किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया गया था, जहाँ से उन्हें बाल सुधार गृह भेजा गया था। बरेली की कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए दिल्ली के किशोर न्याय बोर्ड में बी वारंट दाखिल किया था। इसी बीच शहर में उपद्रव और जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के कारण पुलिस-प्रशासन पूरी तरह व्यस्त हो गया। लेकिन इसी दौरान 29 सितंबर को दिल्ली पुलिस दोनों शूटरों को कड़ी सुरक्षा के बीच बरेली किशोर न्यायालय में पेश कराकर वापस ले गई। अब कोतवाली पुलिस दोनों शूटरों को दोबारा रिमांड पर लेने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है ताकि फायरिंग की वजह, प्लानिंग और गैंग कनेक्शन की कड़ियां सामने लाई जा सकें।

# जुल्मों सितम के खिलाफ डटकर करें मुकाबला : घनश्याम पाठक



वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी

**वाराणसी मिजार्मुराद।** पत्रकार प्रेस क्लब तहसील सदर की बैठक चोलापुर बाजार स्थित श्री आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल के हाल में रविवार को सकुशल संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश उपाध्यक्ष शशि प्रकाश सिंह सोनू तथा संचालन पीपीसी वाराणसी के जिलाध्यक्ष पवन पांडेय एवं अनीश मिश्रा ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता की चुनौतियों और सम्मानजनक कार्य-वातावरण को सुनिश्चित करने के लिए यह बैठक आयोजित कीं गई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने पत्रकारों पर होने वाले उत्पीड़न की घटनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि पत्रकारों के लिए दुर्घटना बीमा की अत्यन्त आवश्यकता है।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक ने विशाल चौबे को सदर तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक में मुख्य रूप से पीपीसी के प्रदेश संयोजक मनीष दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पांडेय, प्रदेश महासचिव पवन त्रिपाठी, प्रदेश संगठन मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश मिश्रा, पूर्वांचल अध्यक्ष प्रवीण चौबे, मंडल अध्यक्ष आफताब आलम, जिलाध्यक्ष पवन पांडेय, विनय मौर्य, नवीन प्रधान, देवमणि त्रिपाठी, धर्मेंद्र चौबे, रामाश्रय मिश्रा, कृष्णा पाठक, शशांक सिंह, ऋषिकेश पांडेय, संतोष पांडेय राजेश सिंह, अनीश मिश्रा, अरुण मिश्रा, सुधीर उपाध्याय विपिन पांडे, विशाल चौबे, जन्मेजय सिंह, रूपक चौबे, अभिषेक पांडे, नीरज गुप्ता आदि रहे।

# हिस्ट्रीसीटर की मदद करने वाले कोतवाल हुए पचास हजारी

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के बिहारगंज बाजार के गोलीकांड के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर मस्सन से अपने आवास पर पैकेट लेने के मामले में भ्रष्टाचार का केस दर्ज होने के बाद फरार तत्कालीन कोतवाल जयचंद भारती अब 50 हजार का इनामी हो गया है। उस पर एसपी कौशाम्बी के 25 हजार इनाम घोषित करने के बाद आईजी ने इसे 50 हजार कर दिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के बिहारगंज बाजार में 16 जून को चचेरे भाइयों को गोली मारे जाने के बाद तत्कालीन शहर कोतवाल जयचंद भारती दूसरे दिन ही निलंबित कर दिया गया था। बाद में पता चला कि जयचंद ने मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर मस्सन से गोलीकांड से एक दिन पहले अपने आवास पर पैकेट लिया था।

यही नहीं गोलीकांड से पहले तीन बार उससे फोन पर बात भी की थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोप सही मिलने पर आईजी के आदेश पर शहर कोतवाल नीरज यादव ने जयचंद के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कराया था। हालांकि, केस दर्ज होने से पहले ही जयचंद पुलिस लाइन से फरार हो गया था।

मामले की विवेचना कर रहे कौशाम्बी के मंझनपुर सीओ शिवांक सिंह ने मस्सन और उसके भाई को भी भ्रष्टाचार के केस में आरोपी बनाया। निलंबित कोतवाल जयचंद भारती की पिछले दिनों भ्रष्टाचार निरोधक कोर्ट ने अग्रिम जमानत खारिज कर दी तो एसपी कौशाम्बी राजेश कुमार ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। अब आईजी प्रयागराज अजय कुमार मिश्र ने इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार कर दी है।

# सभी बाधाओं को दूर करता है सुंदरकांड पाठ : आचार्य प्रदीप मणि महाराज

वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन।** चैतन्य विहार फेस-2 स्थित नवनिर्मित मणिद्वीप भागवत सेवा आश्रम में चल रहे सप्तदिवीय उद्घाटन समारोह के दूसरे दिन श्रीहनुमद आराधन मंडल के द्वारा संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत श्रीहनुमानजी महाराज का दिव्य व भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही उनकी विशेष आरती की गई।

इस अवसर पर मणिद्वीप भागवत सेवा आश्रम के संस्थापक ‟भागवत भक्त" आचार्य प्रदीप मणि महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीहनुमानजी महाराज की महिमा बताते हुए कहा कि सुंदरकांड का पाठ सभी बाधाओं को दूर करने वाला है। इस पाठ को करने से श्रीहनुमानजी महाराज शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल प्रदान करते हैं।

पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज समस्त सद्गुणों की खान हैं। उनमें वीरता, स्वामी भक्ति, बुद्धि-ज्ञान आदि का भंडार है। जो व्यक्ति जिस कामना से उनकी पूजा-अर्चना करता है, उसकी कामना वे निश्चित ही पूर्ण करते हैं।

भागवत प्रवक्ता आचार्य ऋषि तिवारी ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज भक्ति शिरोमणि हैं। कलिकाल में श्रीहनुमानजी की आराधना के बिना भगवान श्रीरामजी की भक्ति प्राप्त कर पाना असम्भव है।

महोत्सव में भक्ति मती बीना माताजी (दिल्ली), श्रीहनुमद आराधन मंडल के अध्यक्ष अशोक व्यास महाराज, ‟यूपी रत्न" की उपाधि से अलंकृत प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, भागवताचार्य विपिन बापू, आचार्य अश्विनी मिश्र, आचार्य घनश्याम दुबे, डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य युगल किशोर कटारे, रासाचार्य स्वामी राम शरण शर्मा, आचार्य बुद्धिप्रकाश शास्त्री, धर्मवीर शास्त्री, प्रेम शरण शर्मा, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, पंडित श्याम सुंदर ब्रजवासी, सुमंत कृष्ण महाराज आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## इंटरनेट शटडाउन का फर्जी आदेश वायरल: एसएसपी ने किया खंडन, बोले सेवाएं नहीं होंगी बाधित



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सोशल मीडिया पर शनिवार को बरेली में इंटरनेट सेवाएं बंद किए जाने का एक फर्जी आदेश वायरल हो गया। पत्र में उत्तर प्रदेश शासन के गृह सचिव गौरव दयाल के नाम से 48 घंटे के लिए इंटरनेट, व्हाट्सएप और फेसबुक सेवाएं बंद करने की बात कही गई थी। जैसे ही यह आदेश वायरल हुआ, शहर में भ्रम की स्थिति बन गई। जिसको लेकर एसएसपी अनुराग आर्य ने इसे पूरी तरह झूठा बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इंटरनेट बंद करने का कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है। यह पत्र फर्जी है, नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें। सभी इंटरनेट सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं। एसएसपी ने बताया कि फर्जी आदेश तैयार कर सोशल मीडिया पर फैलाने वालों की पहचान की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की है कि बिना पुष्टि किसी भी संदेश या पोस्ट को साझा न करें। वायरल पत्र में लिखा था कि कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका के चलते 5 से 7 अक्टूबर तक बरेली में सभी इंटरनेट और मैसेजिंग सेवाएं बंद रहेंगी। पत्र में टेलीग्राफ एक्ट 1885 और टेलीकॉम सर्विस सस्पेंशन रूल्स 2017 का हवाला दिया गया था।

# श्री चित्रगुप्त मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा दिवस पर उमड़ा भावनाओं का सागर

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर।** आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता के पावन संगम का अद्भुत दृश्य आज लखीमपुर में देखने को मिला, जब श्री चित्रगुप्त कायस्थ सभा द्वारा श्री दुर्गे चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्थानीय कलम दवात चौराहा के निकट स्थित यह मंदिर आज भक्तिमय स्वर और वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने देवी दुर्गा एवं भगवान हनुमान की पूजा अर्चना कर विश्वकल्याण की मंगल कामना की। वातावरण भक्ति, भाव और विश्वास से सराबोर था। स्मरण रहे कि 5 अक्टूबर 2016 को इसी दिन चित्रांश समाज ने नगर में विशाल शोभायात्रा के माध्यम से सफेद संगमरमर की अनुपम मूर्ति की स्थापना कर इस मंदिर को जीवंत बनाया था। यह दिव्य प्रतिमा समाजसेवी विवेक श्रीवास्तव विक्कू के प्रयासों और पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के. सिन्हा के सहयोग से स्थापित हुई थी। तभी से हर वर्ष यह दिवस श्रद्धालुओं के लिए महापर्व बन गया है। आज भी परंपरा के क्रम को निभाते हुए श्रद्धालुओं ने विधिवत हवन‟पूजन, आरती और भजन के बीच प्राण प्रतिष्ठा दिवस को उत्सव का रूप दिया। ईश आरती में हर स्वर एक ही भाव कह रहा था ‟कलम और कर्म का संगम ही सच्चा धर्म है। कइसी अवसर पर लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे कायस्थ शिरोमणि एवं पूर्व राज्यसभा सांसद आर.के. सिन्हा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष प्रार्थना की गई। इस पावन अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ ओ पी श्रीवास्तव, संरक्षक राजीव रत्न खरे, महामंत्री चित्रांश अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र श्रीवास्तव, संरक्षक शशिकांत श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रदीप सक्सेना मुकेश, विजय अस्थाना, रीना अस्थाना, कुमुद सक्सेना, नीरज श्रीवास्तव, विकास सक्सेना, पंडित शिवम, अनिल श्रीवास्तव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अध्यक्ष डॉ मंजुला बरतारिया, शौर्य सक्सेना, प्रशांत लाला, सुधाकर लाला, नितिन श्रीवास्तव आदि रहे।

# हापुड़ थाना देहात प्रभारी विजय कुमार गुप्ता और उनकी पुलिस टीम का बड़ा ही सराहनीय कार्य



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के थाना देहात थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता और उनकी पुलिस टीम मिशन शक्ति अभियान के तहत गांव गोंडी सलाई के जंगल में दिन निकलते ही महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी देने पहुंचे पुलिस द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य की लगातार चर्चा हो रही है।

महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हापुड़ पुलिस पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है साथ ही महिलाओं को सुरक्षा के टिप्स दिए जा रहे हैं जिसको लेकर अभियान को मजबूती देने के लिए और महिलाओं को जागरूक करने के लिए दिन निकलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता और उनकी पुलिस टीम खेतों में पहुंची महिलाओं को विस्तार के साथ जानकारी दी।

# प्रयागराज में छाया डांडिया का जादू: जीजीएफ ग्रुप के सीजन-4 में झलकी संस्कृति और एकता की चमक

**वेलकम इंडिया/सनी कुमार केसरवानी**



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में खखत्र ग्रुप द्वारा सीजन-4 डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उमंग के साथ संपन्न हुआ। शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रयागराज की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की और गरबा की रंगीन शाम का आनंद उठाया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं कल्याणी लोक सेवा समिति प्रयागराज की शान, समाजसेविका श्रीमती रुपाली अवस्थी जी, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ अनेक विशिष्ट अतिथि भी मंच पर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन होस्ट शैलजा निशा ने अपनी ऊजार्वान और आकर्षक शैली में किया, जिससे पूरा माहौल उत्साह से भर उठा।

इस भव्य आयोजन की संयोजक ज्योति जायसवाल और उनकी समर्पित टीम ने अपनी मेहनत और लगन से कार्यक्रम को शानदार सफलता दिलाई। शहर के प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर गरबा और डांडिया की ताल पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, उत्सव और नारी सशक्तिकरण का सुंदर संदेश देते हैं। गरबा सिर्फ नृत्य नहीं, बल्कि भावनाओं का संगम है जो हमें भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ता है। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में उल्लास, उत्साह और रंगों की छटा बिखरी रही। डांडिया की थाप पर थिरकता प्रयागराज इस शाम एकता, संस्कृति और खुशियों की मिसाल बन गया।

## गड्ढे में गिरी बाइक, बाइक सवार दो घायल, हालत गंभीर

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड गांव जसाला स्थित पेट्रोल पंप के समीप हाईवे पर बने गड्ढे में बाइक गिर जाने से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर का गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरियाणा के जिला सोनीपत के सराय लोई निवासी अजहरुद्दीन व मोहित भारद्वाज हेल्थ मार्केटिंग का कार्य करते हैं। बाइक सवार दोनों लोग शामली में मार्केटिंग का कार्य करने के लिए आए थे। बाइक सवार दोनों लोग वापस अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे तो हाईवे पर सड़क में गड्ढा हो जाने के कारण बाइक का अगला पहिया गड्ढे में गिर गया दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव सुन्ना निवासी समाजसेवी अभय हुड्डा ने राहगिरों की मदद से जानकारी 108 एंबुलेंस व पुलिस को दी।

# महिलाओं व बालिकाओं को मिला आत्मरक्षा और सुरक्षा का मंत्र

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा दे रहा है। इसी क्रम में ग्राम सुन्ना में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, जागरूकता और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में सचिव मुकुल बलदेव ने कहा कि यदि कोई महिला या बालिका किसी प्रतिकूल या खतरनाक स्थिति का सामना करे तो उसे चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि साहस के साथ अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए और सरकारी सहायता तंत्र का उपयोग करना चाहि।।वन स्टॉप सेंटर प्रभारी गजाला त्यागी ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बना रहा है।

कार्यक्रम में आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकें भी सिखाई गईं।गांव व विद्यालय स्तर पर आयोजित इस कार्यशाला में बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आत्मरक्षा के प्रशिक्षण से आत्मविश्वास प्राप्त किया।

छात्राओं ने कहा कि अब वे किसी भी संकट की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने में सक्षम महसूस कर रही हैं।इस दौरान ग्राम प्रधान रविन्द्र मलिक, स्वास्थ्य विभाग से प्रवेश ध्यानी, एएनएम अंजली मलिक, कुसुम लता आशा, बबीता, चौकी प्रभारी भभीसा सहित महिला पुलिसकर्मी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लापता व्यक्ति की लाश तालाब से बरामद, गांव में सनसनी

**वेलकम इंडिया फतेह खान**


**शुजागंज (अयोध्या)।** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पूर्व लापता हुए चालीस वर्षीय व्यक्ति का शव गांव के निकट एक तालाब से बरामद हुई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को तालाब से बाहर निकलवा कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना बाबा बाजार क्षेत्र के अंतर्गत भटमऊ नारायणपुर गांव निवासी महेंद्र शुक्ला पुत्र बृजेंद्र शुक्ला दो दिन पूर्व लापता हो गए थे जिनकी परिजनों द्वारा काफी खोज बीन की गई परंतु कही से कोई सुराग नहीं लगा था। रविवार को में रविवार को गांव के समीप स्थित तालाब से लापता व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान महेंद्र शुक्ल (48), पुत्र बृजेन्द्र शुक्ल के रूप में हुई है, जो दो दिन पूर्व से लापता थे।स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम रूदौली विकाश धर दूबे, सीओ रूदौली आशीष निगम, थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार आजाद ने शव को तालाब से बाहर निकालकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी है।

# मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर संगोष्ठी: बच्चों को मिली स्वास्थ्य और रचनात्मकता की सीख




**प्रयागराज।** लायंस क्लब के प्रयागराज में के.पी. गर्ल्स इंटर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन क्लब की कोषाध्यक्ष और आईआईपीआर बैंगलोर से प्रमाणित आर्ट थेरेपिस्ट जया मनोहर द्वारा किया गया। इस संगोष्ठी में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं और उन्हें सुधारने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दीया पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को उनके रचनात्मक योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया आयोजक के जया मनोहर, कोषाध्यक्ष, लायंस क्लब (प्रमाणित आर्ट थेरेपिस्ट) मीना अरोड़ा सदस्य लायंस क्लब इस संगोष्ठी ने न केवल बच्चों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें रचनात्मकता और कला के माध्यम से को व्यक्त करने का अवसर भी दिया। पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

# 6 अक्टूबर को हनुमना में निःशुल्क बांटी जाएगी श्वांस-दमा-अस्थमा की चमत्कारिक दवा



**हनुमना (मध्य प्रदेश)।** मऊगंज जिले के हनुमना नगर स्थित श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्वांस, दमा, अस्थमा, इस्नोफीलिया और पुरानी खांसी जैसी गंभीर बीमारियों की चमत्कारिक दवा निःशुल्क वितरित करेगा। यह कार्यक्रम 6 अक्टूबर 2025, सोमवार की रात आयोजित किया जाएगा। व्यवस्थापक वैद्य संपत दास ने बताया कि यह अद्भुत दवा औषधालय के संस्थापक और प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य को उनके सदगुरु पूज्यपाद स्वामी माधवाचार्य जी महाराज द्वारा मानवता की सेवा हेतु प्रदान की गई। 93 वर्षीय वैद्य जी पिछले सात दशकों से हर वर्ष शरद पूर्णिमा की रात इसे निःशुल्क वितरित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी हजारों रोगी देश के विभिन्न हिस्सों से हनुमना की धरती पर पहुंचेंगे। दवा प्राप्त करने के लिए रोगियों को 6 अक्टूबर की शाम तक हनुमना सीधी रोड, सब्जी मंडी स्थित श्रीरामानुज आयुर्वेदिक औषधालय पहुंचकर पंजीयन कराना अनिवार्य है। औषधालय परिवार ने 18 सितंबर 2025 से ही जड़ी-बूटियों के संग्रह और दवा निर्माण की तैयारियों में जुटना शुरू कर दिया है। दवा रात्रि में ही वितरित की जाती है, इसलिए सभी को समय पर पंजीयन की सलाह दी गई है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सरयू प्रसाद वैद्य नाड़ी ज्ञान और आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में देशभर में विख्यात हैं। समय-समय पर देश की जानी-मानी राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक हस्तियां भी उनके पास नाड़ी परीक्षण और चिकित्सा के लिए आती रही हैं। इनमें आरएसएस प्रमुख रहे के. सुब्रह्मण्यम, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे कुशाभाऊ ठाकरे और वर्तमान श्रीराम जन्मभूमि न्यास अध्यक्ष स्वामी नृत्य गोपाल दास जी महाराज जैसे नाम शामिल हैं। औषधालय ने लोगों से अपील की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला युवक का शव

**जहांगीराबाद।** नगर के मोहल्ला जटियान में एक युवक ( भूपेंद्र ) उम्र लगभग 26 वर्ष का शव उसी के घर में जंगले से लटका मिला। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मृतक भूपेंद्र को लगभग 10 साल पहले मृतक की बुआ ने अपने भाई से उसे गोद ले लिया। तभी से वह अपनी बुआ के साथ ही रहने लगा। दिन रविवार की सुबह लगभग 11:00 बजे भूपेंद्र का शव उसी के घर की उपरी मंजिल के जंगले से लटका हुआ मिला। जिसकी सूचना मृतक की बुआ ने अपने भाई (मृतक के पिता) को दी। परिजनों को सूचना मिलते ही परिजन आनन फानन में मौके पर पहुंच गए और वहाँ पहुंचकर हंगामा करते हुए जमीन जायदाद के लिए हत्या का आरोप लगाया है। हंगामा होता देख पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और जाँच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# कांधला के व्यक्ति की हरियाणा के पानीपत में संदिग्ध मौत

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी एक 40 वर्षीय व्यक्ति की हरियाणा के पानीपत रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी दिलशाद उर्फ बाबा पुत्र पूर्ण पंजाब के लुधियाना में मजदूरी का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार विगत 1 अक्टूबर को घर से अपने काम पर जाने के लिए कह कर गया था। लुधियाना नहीं पहुंचने पर परिजन तलाश कर रहे थे। विगत शनिवार को परिजनों को हरियाणा की पानीपत पुलिस द्वारा सूचना मिली कि दिलशाद की लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी हुई है। सूचना से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया और परिजन हरियाणा के पानीपत पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। आशंका है की ट्रेन में सफर करते समय किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धक्का दिया जाने से ट्रेन की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति की मौत हुई है। रविवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### हत्या के मामले में हुई थी जेल

**कांधला।** वर्ष 2011 में थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी सुनील कश्यप की हत्या के मामले में दिलशाद उर्फ बाबा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कोर्ट ने मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी लगभग 14 साल जेल में रहने के बाद 1 वर्ष पूर्व जेल से रिहा हो कर लौटा था। और मजदूरी का कार्य कर रहा था। दिलशाद की संदिग्ध मौत हो जाने से कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं बनी हुई है।

## बुगरासी के युवक की सड़क हादसे में मौत

**बुगरासी।** दो दिन पहले बुगरासी से स्याना जाते समय बुगरासी निवासी निवंध पुत्र निहाल मौहल्ला भूडवाला 24 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार निवंध अपने एक दोस्त के साथ बाईक से बुगरासी से स्याना को जा रहे थे।जैसे ही धनियाली गांव के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज गति वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।।जिससे वह गंभीर घायल हो गये। सूचना मिलते ही परिजनों ने फौरन स्याना के प्राईवेट अस्पताल मे भर्ती कराकर इलाज कराया। वहां के डाक्टर ने मामला गंभीर देखते हुए मेरठ के लिए रैफर कर दिया। शनिवार को इलाज के दौरान निवंध की मौत हो गई। रविवार को निवंध का शव बुगरासी पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।अब परिजनों ने निवंध का भगवानपुर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया है।

# पुलिस और हिस्ट्रीशीटर में मुठभेड़ ट्यूबवेल चोरी का खुलासा

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** पुलिस की हिस्ट्रीशीटर बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई, देर रात हुई मुठभेड़ में ट्यूबवेल चोरी की दो घटनाओं में वांछित हिस्ट्रीशीटर बदमाश अजय उर्फ चील पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम गंगेरू को तमंचे व कारतूस समेत गिरफ्तार किया गया। पुलिस पर फायरिंग करने वाले इस कुख्यात बदमाश पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं पुलिस ने अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खंदावली के जंगल में विगत 1/2 सितंबर में छह ट्यूबवेलों से तथा 17/18 सितंबर की रात कांधला देहात के जंगल में स्थित चार ट्यूबवेलों से चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटनाओं के संबंध में किसानों ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी।

पुलिस ने पहले ही घटना में लिप्त एक आरोपी गौरव उर्फ लोकेश को को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि शेष अभियुक्तों की तलाश जारी थी। शनिवार की रात अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान मे पुलिस को सूचना मिली कि ट्यूबवेल चोरी में वांछित हिस्ट्रीशीटर अजय उर्फ चील गांव गंगेरू रजवाहा के पास मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर का बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पर पहले से ही चोरी, लूट व अवैध हथियारों से संबंधित नौ मुकदमे दर्ज हैं। रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाश को जेल भेज दिया है।

# राष्ट्रहित के लिए एकजुट होकर कार्य करें : भंडारी



**वेलकम इंडिया**

**गरुड़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की खंड इकाई गरुड़ ने एकत्रीकरण कर समाज में एकता का संदेश दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शस्त्रों की पूजा की।

सरस्वती शिशु मंदिर गरुड़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला संघ चालक रणजीत सिंह भंडारी ने कहा कि एक स्वयंसेवक के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि संघ का यह शताब्दी वर्ष है। संघ के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि डा. हेडगेवार के देश के लिए दिए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पंच प्रण व स्वदेशी के बोध के साथ संघ अब प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि अपने तीज-त्योहारों के माध्यम से ही हमारी संस्कृति जीवित रहती है। उन्होंने अपने धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने को कहा। अध्यक्षता खंड संघ चालक श्याम दत्त उपाध्याय ने की तथा संचालन खंड कार्यवाह सूरज पंत ने किया।

इस दौरान नंदन सिंह अल्मिया, जेसी आर्या, महेश भंडारी, सुनील दोसाद, नवीन खोलिया, अखिल जोशी, कैलाश चंद्र जोशी, हिमांशु उपाध्याय, मोहन जोशी, चंद्रशेखर बड़सीला, गिरीश कांडपाल समेत दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी व शस्त्र पूजन कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** खंड विकास क्षेत्र के गांव डून्डूखेडा मे सत्संग भवन शिव मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी, शस्त्र पूजन एवं विराट पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपाल चौधरी ने की, मुख्य वक्ता के रूप में विनोद उपस्थित रहे।इस दौरान कार्यक्रम के विराट पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

पथ संचलन गांव की गलियों से गुजरते हुए आगे बढ़ा, जहां ग्रामीणों और महिला समन्वय मेरठ प्रांत, जिला शामली, खंड कांधला की टीम ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया।हर गली में भारत माता की जय, और ,जय श्रीराम, के गगनभेदी नारों से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा।

स्वयंसेवकों में देशभक्ति और उत्साह का विशेष जोश देखने को मिला। पथ संचलन पूर्णतः सफल रहा और गांव में राष्ट्रीय एकता व संगठन की भावना का संदेश दिया गया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# संस्कार शिपिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड एकेडमी के संचालकों, मानव तस्करी का अभियोग दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा. लि. एकेडमी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के संचालकों और एजेंटों के खिलाफ धोखाधड़ी, मानव तस्करी व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

कस्बे के के मौहल्ला खेल निवासी करण सैनी पुत्र रामेश्वर सैनी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने और उनके चचेरे भाई तरुण सैनी पुत्र अरविंद सैनी ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर संस्कार शिपिंग सर्विस प्रा. लि.का विज्ञापन देखा, जिसमें विदेशी जहाज पर नौकरी दिलाने और ट्रेनिंग देने की बात कही गई थी। दोनों युवक ग्रेटर नोएडा स्थित एकेडमी पहुंचे, जहां नीरज जादौन (प्रबंधक), अनुराग मलिक (डायरेक्टर), नवनीत कौर (काउंसलर), अजीत चक्रवर्ती व सुनील उर्फ सुशील (एजेंट) से मिले। इन लोगों ने प्रति व्यक्ति 1.65 लाख ट्रेनिंग फीस बताई, जबकि डीजी शिपिंग मुंबई के अनुसार कोर्स की असली फीस मात्र 22 हजार है। पीड़ितों ने झांसे में आकर 3.30 लाख जमा किए। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद आरोपियों ने 7 लाख रुपये और मांगे और वादा किया कि उन्हें विदेश में जहाज पर नौकरी दी जाएगी। विश्वास में आकर दोनों भाइयों ने कुल 10.30 लाख रुपये नकद व ऑनलाइन देकर तमिलनाडु से मलेशिया भेजे गए। वहां पहुंचने पर दोनों को पता चला कि जहाज सात साल से रिपेयरिंग में खड़ा है और कोई व्यवस्था नहीं है।

# अग्रहरि समाज ने अग्रसेन जयंती के अवसर पर लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर, प्रतिभाशाली बच्चों का किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** अग्रहरि समाज प्रयागराज द्वारा डॉ. के पी जायसवाल इण्टर कॉलेज, मुट्ठीगंज में अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर एक विशेष निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन किया गया और प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मानित भी किया गया।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व अग्रहरि समाज की प्रयागराज इकाई के जिलाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता ने किया। उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विदुप अग्रहरि ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कुँवर उज्जवल रमण सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अग्रहरि समाज की यह मुहिम गरीब परिवारों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अन्य सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे भी ऐसे छोटे-छोटे शिविर लगाकर समाज के स्वास्थ्य सुधार में योगदान दें। उद्घाटन करते हुए श्री विदुप अग्रहरि ने कहा कि जैसे-जैसे पर्यावरण नष्ट हो रहा है और प्रदूषण बढ़ रहा है, वैसे-वैसे नई बीमारियों का जन्म हो रहा है। गरीब वर्ग के लिए स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार कठिन है। इसलिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर गरीबों की सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।

जिलाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज के लोगों को स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते देख कर ऐसे शिविर आयोजित करना हमारी प्राथमिकता है। इस कार्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विदुप अग्रहरि का सहयोग हमेशा मिल रहा है।

# नोएडा के दरोगा पर उनकी ही पत्नी का महिला सिपाही के साथ अफेयर का आरोप , दबिश देने के नाम पर जाते थे बाहर

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा,गौतमबुधनगर।** ग्रेटर नोएडा की बिसरख कोतवाली क्षेत्र स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली एक महिला ने अपने पति, जो कि उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) के पद पर तैनात हैं, पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

सूत्रों से जानकारी के अनुसार महिला का कहना है कि उनके पति, नीरज सिंह, का एक महिला कांस्टेबल के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसके चलते वह उनके साथ मारपीट करते हैं और जान से मारने की धमकी भी दे चुके हैं। बताया जा रहा है बिसरख कोतवाली में दी गई तहरीर (शिकायत) में महिला ने बताया कि उन्हें जून माह में पति के अवैध संबंध का पता चला। महिला के अनुसार, तब से उनके पति नीरज सिंह शराब पीकर उनके साथ अक्सर मारपीट करते हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति अक्सर 'दबिश देने' के नाम पर उसी महिला कांस्टेबल के साथ उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों जैसे हल्द्वानी, मसूरी और हरिद्वार घूमने जाते हैं। पीड़ित महिला ने दावा किया है कि उनके पास पति और महिला कांस्टेबल के आपत्तिजनक फोटो सबूत के तौर पर मौजूद हैं। उन्होंने अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा की मांग करते हुए पति और महिला कांस्टेबल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बताया जा रहा है दोनों इस समय अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। पुलिस ने आरोपों को गंभीरता से लिया है और विभागीय जांच शुरू कर दी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच पूरी होने के बाद जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला पुलिस विभाग की छवि पर सवाल उठाता है। उच्चाधिकारियों द्वारा मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच की उम्मीद की जा रही है।

■ उच्चाधिकारियों द्वारा मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच की उम्मीद की जा रही है।



# रसोईया संगठन ने बैठक कर दीपावली पर तीन माह के रुके हुए मानदेय 5000 प्रति माह की दर से 15000 रुपए देने की मांग

वेलकम इंडिया महमूद रजा




बिजनौर धमपुर प्रगतिशील रसोईया संगठन ने बैठक कर दीपावली पर तीन माह के रुके हुए मानदेय ?5000 प्रति माह की दर से 15000 रुपए देने की मांग मान्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की 12 अक्टूबर 2025 को अफजलगढ़ में प्रदर्शन करके रसोईया थाना प्रभारी अफजलगढ़ के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र प्रेषित करेंगे

ग्राम देवनगर में संगठन की महासचिव बबीता शर्मा के निवास स्थान पर उन्हीं के संचालन में संगठन के अध्यक्ष रेखा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया जिसके लिए पूरे इलाके में एक पर्चा बांटा जाएगा और अधिक से अधिक रसोइयों से अफजलगढ़ अस्पताल के पास सुबह 11:00 बजे जमा होने का आह्वान किया जाएगा बैठक को संबोधित करते हुए रेखा देवी ने कहा की रसोइया सारे दिन इतनी मेहनत करती है उनसे सरकार के द्वारा बेकार कराई जा रही है मात्र ?2000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है जो ऊंट के मुंह में जरा देने के बराबर है तीन माह का रसोइयों का मानदेय बकाया है दीपावली पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी कम से कम 5000 रुपए रसोइयों को यह रुका हुआ मानदेय दे रेखा देवी ने कहा कि रसोइयों की मांग है कि उन्हें नियमित कर न्यूनतम वेतन सरकार लागू करें और 26000 रुपए उन्हें वेतन दिया जाए और जो अन्य सरकारी सुविधाएं हैं वह सभी रसोइयों को दी जाए प्रदेश सरकार ने 27000 बंद किए हैं और उनका मर्जर किया है जहां सरकार गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही है वही रसोइयों के साथ भी अन्याय हो रहा है सरकार को सभी स्कूलों को खोलना चाहिए रसोईया बहुत गरीब है उनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं राशन कार्ड नहीं और आवास भी नहीं है सरकार को रसोइयों को यह सुविधा देनी चाहिए अपनी इन्हीं मांगों को लेकर 12 अक्टूबर 2025 को अफजलगढ़ में प्रदर्शन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का किया आयोजन



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**बिजनौर।** नजीबाबाद के मालिनी नगर की अर्जुन बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें शस्त्र पूजन किए गया इस कार्यक्रम में सैकड़ो स्वयं सेवकों ने भाग लिया मेरठ प्रांत शारीरिक प्रमुख धर्मेंद्र जी का वक्तव्य रहा कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम जी ने कि इस कार्यक्रम में विभाग प्रचारक क्रांति विपिन महिंद्रा द्रविड़ गुप्ता रणवीर सिंह निराला नगर शहर सह प्रचार प्रमुख यश मोहन सुमित नगर प्रचार प्रमुख सुमित नगर शारीरिक प्रमुख विक्रांत कोमल संजीव नीरज उदय मनीष मिथुन भारती शरद शर्मा बिट्टू भटनागर अनुज कौशिक बलराम रघुवंशी दिनेश खन्ना शाखा कारवां विपिन अग्रवाल सहित सैकड़ो स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# श्री अजमीढ़ जी सम्मान समारोह में 18 मेधावी बच्चों का सम्मान

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर (रजि०) के तत्वावधान में श्री अजमीढ़ जी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाज की सराहनीय पहल ह्यनेकी की दीवारह्ल के अनावरण से की गई। इस अवसर पर समाज के कुल 18 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि श्री राजीव वर्मा, निजी सचिव, केंद्रीय कानून मंत्री, भारत सरकार तथा स्वर्णकार समाज मोदीनगर (रजि०) के मुख्य संरक्षक एवं विधायक शोहरतगढ़ (उ०प्र०) विनय वर्मा और विशिष्ट अतिथि में सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ मंजू शिवाच, चेयरमैन विनोद वैशाली ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संगठन के अध्यक्ष मोहित सोनी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष श्री अजमीढ़ जयंती पर समाज के मेधावी बच्चों को इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा। समारोह में अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी मेधावी बच्चों का हौसला बढ़ाया और समाज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान स्वर्णकार समाज मोदीनगर संगठन का विस्तार भी किया गया और नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में समाज के सभी संरक्षक, पदाधिकारी तथा मोदीनगर स्वर्णकार समाज के गणमान्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और बच्चों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# उड़ान इंटरनेशनल की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर को सम्मानित किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मोदी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अंतर्गत हिंदी भवन ,गाजियाबाद मे आयोजित ह्लशक्ति सम्मान कार्यक्रमह्व में महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर को महिलाओं तथा समाज के उत्थान हेतु किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं विधायिका श्रीमती मंजू शिवाच द्वारा डॉ. शालिनी नैयर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. शालिनी नैयर ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए ही नहीं बल्कि पूरे संगठन की सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में उनके साथ गीता मोहन अरोड़ा और कोमल शर्मा भी उपस्थित रहीं।

# शहीद भगत सिंह संगठन द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** मोदी साइंस एंड इंटर कॉलेज में शहीद भगत सिंह संगठन मजदूर के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि डॉ राजकुमार सांगवान सांसद बागपत लोकसभा तथा विशिष्ट अतिथि रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल रहे। प्रतिभा सम्मान पुरस्कार वितरण जिले गाजियाबाद से 40 स्कूलों के होनहार बच्चों को डॉ राजकुमार सांगवान सांसद जी व रामपाल चौधरी अध्यक्ष रालोद ने प्रतिभावान बच्चो को प्रतिभा सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।बच्चों के साथ साथ इंडियन आर्मी के रिटायर्ड सैनिकों को भी शहीद भगत सिंह स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीबीएसई छाया पब्लिक स्कूल के बच्चों टीआरएम पब्लिक स्कूल, शहर के सभी स्कूलों के बच्चों को जिन्होंने खेलों में विभिन्न प्रदेशों में खेलों आयोजन में प्रतिभाग लिया और मेडल जीते, सभी विजेताओं को शहीद भगत सिंह के चित्र स्मृति रूप में भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आये अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# महिला पंजाबी संगठन द्वारा प्रेम और समर्पण का उत्सव का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल द्वारा स्पाइस गार्डन में दिवाली एवं करवा चौथ के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम प्रेम और समर्पण का उत्सवह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती कांता कर्दम (सांसद, राज्यसभा), विधायक डॉ. मंजू शिवाच, चेयरमैन विनोद वैशाली, एवं डॉ. पूनम गर्ग डॉ सताक्षी गर्ग के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में संगीत, नृत्य एवं लक्ष्य पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर लगभग 100 महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संस्था की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर ने मुख्य अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम में सहयोग एवं सहभागिता के लिए डॉ. अर्चना त्यागी एवं अंशु सिंह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन करने के लिए लीपाक्षी एवं अभिलाषा सिंघल की भी सराहना की। साथ ही उन्होंने पंजाबी संगठन की विशेष उपस्थिति के लिए भी हार्दिक धन्यवाद प्रकट किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुश्री सुधा वैशाली (पत्नी चेयरमैन विनोद वैशाली), शाइस्ता, पूनम धिंगरा, हर्षिता चौधरी, अंजलि सचदेवा, गीता मोहन अरोड़ा, शशि धिंगरा, संतोष मेहता, मंजू शर्मा,, डॉ. सुषमा त्यागी, मीना भल्ला, अमिता, कोमल शर्मा, रोजी आनंद,मंजू कुमारी, विशाखा मित्रा, चरणजीत कौर, सपना, ऋतु कपूर, पूजा बेहल, अंजलि अरोड़ा , नीता गर्ग, अनिता शर्मा, रिया आनंद,



# गांव खंजरपुर में चिकित्सा कैंप का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** गांव खंजरपुर में रालोद नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता बिट्टू नेता के मकान पर एक चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में डॉक्टरों द्वारा हृदय से संबंधित शुगर लिक्विड प्रोफाइल ईसी जी गांव के सभी लोगों ने काफी मात्रा में सुविधा का लाभ लिया। डॉक्टर शैंकी जैन डॉ अनिल गर्ग परवीन दिनेश प्रशांत अमृता आशीष संतोष पूरी टीम ने चेकअप किया और दवाइयां दी। गांव के मुख्य लोगों में बिट्टू नेता अजीत सुंदर पाल डब्बू प्रेम मास्टर जी सत्येंद्र प्रमोद पंकज आदि लोग शामिल थे। डॉक्टर शैंकी जैन कार्डियोलॉजिस्ट ने गांव में सभी लोगों को देखा।

# बुजुर्ग समाज का अनमोल रत्न,अपने दीर्घकालीन अनुभवों से समाज को नई दिशा दें - सुदेश शर्मा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर(अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता पं0 सुदेश शर्मा ने बुजुर्गो को समाज का अनमोल रत्न एवं सम्मानीय बताते हुए कहा कि सीनियर सिटिजन्स को समाज में यथोचित सम्मान व जीवन की आवश्यक सुख, सुविधा मुहैया कराना शासन व प्रशासन के ठेकेदारों का नैतिक दायित्व है। पं0 सुदेश शर्मा, नगर के बुजुर्गो की एक मात्र पंजीकृत संस्था वरिष्ट नागरिक संस्था के रविवार को यहां पुस्तकालय भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बुजुर्गो से आशीर्वाद प्राप्त कर उनसे अनुरोध किया कि वे अपने दीर्घकालीन अनुभवों से समाज को नई दिशा दें, साथ ही वे सकारात्मक सोच बनाएं तथा भावी पीढ़ी को सुसंस्कारित बनाएं। संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और संचालन वीके गुप्ता व विरेंद्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। रामेश्वर दयाल गुप्ता ने अपने स्वागत उद्बोधन में संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कई बुजुर्गो का सामूहिक जन्मदिन मनाकर उनकी दीघार्यु की कामनाएं की गई।



# नटवरलाल और दो सिपाहियों की डासना जेल से फरार होने की योजना फेल, दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** डासना जिला कारागार में बंद कंकरखेड़ा निवासी विजेंद्र ने जेल से भागने की एक जटिल साजिश रची थी, जिसमें उसने गाजियाबाद कमिश्नरेट में तैनात दो सिपाहियों को भी अपने साथ मिला लिया। लेकिन जेल प्रशासन की सतर्कता और जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के कारण यह साजिश असफल रही। सूत्रों के अनुसार, विजेंद्र पर धोखाधड़ी और जालसाजी के कई मामले दर्ज हैं, जिसमें पैसे के लेन–देन के कई मामलों में ईडी ने भी आरोपी बनाया हुआ था। विजेंद्र पिछले कई महीनों से जेल में बैठकर बाहर निकलने और विदेश भागने की योजना बना रहा था। इसके लिए उसने जेल से बाहर निकलने की रणनीति बनाई और इसमें पुलिस कमिश्नरेट के सिपाही सचिन चौधरी और राहुल कुमार को शामिल किया। बीते शनिवार को दोनों सिपाहियों ने डासना जेल में विजेंद्र को छुड़ाने के लिए प्रवेश किया। उन्होंने जेल प्रशासन को नोएडा पेशी का परवाना दिखाया और उसे अपने साथ ले जाने की मांग की।

# अवस्थापना निधि के चार सौ करोड़ से जीडीए करेगा एलेवेटेड रोड का निर्माण

वेलकम इंडिया

■ इंदिरापुरम और वसुंधरा में स्लिप रोड बनने से लाभान्वित होंगे लाखों लोग

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन से एन एच 9 पर पहुंचने वाले एलेवेटेड रोड पर इंदिरापुरम व वसुंधरा में उतरने व चढ़ने के लिए शीघ्र ही स्लिप रोड का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इससे लाखों लोगों को दिल्ली व गाजियाबाद आवागमन में सुविधा होगी। लोगों का मानना जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स जी की मेहनत रंग ला रही। उनके प्रयासों से प्राधिकरण को उत्तर प्रदेश सरकार से शीघ्र ही अवस्थापना निधि से चार सौ करोड़ रुपए मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इनमें से दो सौ करोड़ रुपए से राजनगर एक्सटेंशन से एन एच 9 पर गाजीपुर तक बने एलेवेटेड रोड पर इंदिरापुरम व वसुंधरा में स्लिप रोड बनाए जाएंगे , 11 किलोमीटर लंबे इस ऊपरगामी मार्ग पर इंदिरापुरम में उतरने तथा वसुंधरा में चढ़ने के लिए स्लिप रोड की बेहद आवश्यकता अनुभव की जा रही थी। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने इस आवश्यकता पर विशेष ध्यान देते हुए राज्य सरकार को अवस्थापना निधि से धन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा था जिसे स्वीकृति मिल गई है। इसके अलावा जीडीए द्वारा प्रस्तावित तीन और महत्वपूर्ण कार्यों के लिए भी सरकार ने अवस्थापना निधि से धन उपलब्ध कराने को हरी झंडी दे दी है।

इसी प्रकार लखनऊ, मुरादाबाद व वाराणसी के विकास प्राधिकरणों को वहां कई जन उपयोगी कार्य कराए जाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है।



# विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फरेंस का आयोजन हुआ





**वेलकम इंडिया**

**गाज़ियाबाद।** विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर भागीरथ सेवा संस्थान, फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन एवं राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फरेंस संपन्न हुई। इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज को सेरेब्रल पाल्सी जैसी विशेष दिव्यांगता के प्रति जागरूक करना और इससे प्रभावित बच्चों एवं उनके अभिभावकों को मार्गदर्शन प्रदान करना है।कार्यक्रम में भारत सरकार में राज्य मंत्री बी एल वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय) ने मुख्य अतिथि के रूप शिरकत की। उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल (हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद) ने विशिष्ट अथिति के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में देशभर से ख्यातिप्राप्त रिहैबिलिटेशन विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑक्युपेशनल थेरेपिस्ट, स्पीच थेरपिस्ट, साइकोलॉजिस्ट, आयुर्वेद विशेषज्ञ, पैडियाट्रिशियन तथा विशेष शिक्षा विशेषज्ञ ने भाग लिया लिया। इन सभी विशेषज्ञ ने विभिन्न प्रेजेंटेशन और तकनीकी सत्रों के माध्यम से सेरेब्रल पाल्सी से जुड़ी आधुनिक उपचार पद्धतियों, पुनर्वास तकनीकों और नए शोधों की जानकारी साझा की साथ ही बेहतर कार्य कर रहे डाक्टर त्रिभुवन सिंह, डाक्टर प्रवीण कुमार डाक्टर धीरज सिंह, डाक्टर नरेंद्र पांडेय डाक्टर अभिषेक पांडेय डाक्टर विजय प्रकाश, डाक्टर राहुल शुक्ला समेत कई डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ फिज़ियोथेरेपिस्ट एवं होली फैमिली अस्पताल में 40 से अधिक वर्षों तक सेवाएँ देने वाली डॉ. सुनीता सूद मोजूद रही। फर्स्ट वन रिहैब






फाउंडेशन के निदेशक डॉ महिपाल सिंह ने बताया कि सम्मेलन में सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चों, उनके अभिभावकों और रिहैब प्रोफेशनल्स के लिए विशेष इंटरएक्टिव सत्र रखे गए हैं, ताकि उन्हें व्यवहारिक समाधान और प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम में एक्सपर्ट्स द्वारा विषय पर व्याख्यान के साथ साथ भागीरथ स्पेशल स्कूल और फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। बिलासपुर छत्तीसगढ़ में संपन्न हुए नेशनल वोची टूनामेंट में गोल्ड सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर आये भागीरथ स्पेशल स्कूल के बच्चों प्राची, खुशी, आंचल और इंस्ट्रक्टर अंकित एवं कोच सुमन राजपूत को मंत्री बीएल वर्मा द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एक मां-एक सम्मानर के तहत दिव्यांग बच्चों की सशक्त मांओ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए यह प्रोफेशनल को दिव्यांगता के प्रति उनकी विशेष सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने नहीं अर्थपूर्ण आयोजन के लिए भागीरथ सेवा संस्थान और फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन की टीम की खूब प्रशंसा की। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दिव्यांग जन के लिए अपने-अपने मंत्रालय के अधीन जो भी सहयोग हो सकेगा करेंगे। इस दौरान फर्स्टवन रिहैब फाउंडेशन के निदेशक डॉ. महिपाल सिंह तथा डाक्टर दीक्षा सिंह एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुष्मिता भाटी आदि मौजूद रहे।

## मेयर सुनीता दयाल पर सीनियर सिटीजन के साथ कथित बदसलूकी का विवाद, सोशल मीडिया में वायरल हुआ ऑडियो

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मेयर सुनीता दयाल एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं। नगर निगम की कार्यशैली और उनके बयानों को लेकर पहले भी सुर्खियों में रही मेयर अब एक नए विवाद का सामना कर रही हैं। इस बार मामला एक सीनियर सिटीजन के साथ कथित बदतमीजी का है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही ऑडियो क्लिप में मेयर की आवाज जैसी सुनाई देने वाली महिला एक बुजुर्ग नागरिक से तेज लहजे में बात करती हुई सुनी जा सकती है। जानकारी के अनुसार, यह सीनियर सिटीजन अपने क्षेत्र के पार्क की खराब लाइट की शिकायत लेकर मेयर सुनीता दयाल को फोन कर रहे थे। उन्होंने विनम्रतापूर्वक बताया कि पार्क कई दिनों से अंधेरे में डूबा हुआ है और लोग असुविधा का सामना कर रहे हैं। लेकिन कथित रूप से मेयर ने नाराजगी जताते हुए उनसे अपमानजनक भाषा में बात की और कहा कि तुम्हारा फोन उठा लिया यह काम बड़ी बात है, तमीज से बात करो। हर छोटी-छोटी बात के लिए मुझे क्यों फोन करते हो।

इस ऑडियो क्लिप ने तेजी से लोगों के मोबाइल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ध्यान खींचा और व्यापक चर्चा शुरू हो गई। शहरवासी और नागरिक संगठन इसे जनता के प्रति असंवेदनशील व्यवहार मान रहे हैं। उनका कहना है कि मेयर का दायित्व जनता की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना है, न कि शिकायत करने वालों से रुखाई से पेश आना। वहीं, विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे को पकड़ लिया और मेयर पर अहंकारी रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य नहीं है और इसे गंभीरता से देखा जाना चाहिए। यह पहला मामला नहीं है जब सुनीता दयाल विवादों में आई हों। इससे पहले अतिक्रमण अभियान के दौरान एक धार्मिक स्थल- मजार को हटाने के प्रयास में भी उनका नाम चर्चा में रहा था। उस समय भी सोशल मीडिया पर नाराजगी और विरोध देखने को मिला था। हालांकि, मेयर कार्यालय की ओर से इस नए विवाद पर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## विधायक ने तीन वार्डों में कई निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर के तेज और समग्र विकास को आगे बढ़ाने के लिए रविवार को शहर विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को तीन वार्डों वार्ड 7, वार्ड 19 और वार्ड 35 में अनेक विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उनके साथ सांसद अतुल गर्ग और प्रतिनिधि राजिंदर मित्तल मेदी वाले भी मौजूद रहे। वार्ड 7 के सुदामा पुरी बी ब्लॉक भाग 4 में विधायक संजीव शर्मा ने 29.96 लाख की अनुमानित लागत से नाली इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य सोहनपाल के मकान से चक्की, मनोज के मकान से उदय



शंकर, उदय शंकर के मकान से वेदप्रकाश, राजपाल के मकान से अविनाश और इस्लाम के मकान से विनोद के मकान तक किया जाएगा। वार्ड 19 में जूट वाली गली हनुमान मंदिर से चमन के मकान तक 9.98 लाख की लागत से सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया। इसी वार्ड में पटेल मार्ग बाल्मीकि कालोनी में ओमप्रकाश के मकान से प्रकाश के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, जिसकी अनुमानित लागत 8.84 लाख रुपये है। वार्ड 35 में अकबरपुर बहरामपुर के बालाजी एन्कलेव तिगरी गोल चक्कर पर संजय के मकान से सुरेंद्र चौधरी के मकान तक और सतेंद्र के मकान से धनपाल के मकान तक इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष में विजयदशमी पर आयोजित कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों ने दिखाया उत्साह

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में वैशाली क्षेत्र में रविवार को विजयदशमी का उत्सव धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया। संघ के 100वें वर्ष में इस अवसर को विशेष रूप देने के लिए स्वयंसेवकों में अपार उत्साह और गौरव देखने को मिला।

नगरवासियों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्सव को और भी रंगीन बनाया। भागीरथ बस्ती में कार्यक्रम का शुभारंभ गेट नंबर 2 से किया गया। घोष के साथ निकाले गए भव्य पथ संचलन का मार्ग रामप्रस्ता के हाई राइज होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुआ। इस पथ संचलन में नगर के स्वयंसेवकों के साथ-साथ बाल स्वयंसेवक और समाजबंधु भी शामिल हुए। रास्ते में नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संघ और स्वयंसेवकों का स्वागत किया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह उत्सवमय बन गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष गुलशन कुमार ने उपस्थित सभी को आशीर्वाद दिया और कार्यक्रम की सफलता पर अपनी खुशी व्यक्त की। मुख्य वक्ता प्रांत व्यवस्था प्रमुख अजय जी ने अपने संबोधन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और जाति-पंथ से ऊपर उठकर कार्य करने की विचारधारा पर जोर दिया।

## आधार कार्ड एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने रविवार को नागरिक सेवा और जनहित को प्राथमिकता देते हुए एक आधार कार्ड एवं नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया। यह शिविर मनोकामना अपार्टमेंट, वसुंधरा में डाक विभाग और आरडब्ल्यूए सेक्टर-4 के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग



लिया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय व्यापार मंडल के अशोक भारतीय, बालकिशन गुप्ता, प्रदीप चौधरी, समीर शर्मा, पार्षदपति आशीष चौधरी और आरडब्लूए अध्यक्ष बृजपाल सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन के दौरान सभी अतिथियों का माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। आयोजन की व्यवस्थाओं का सफल संचालन पंडित अशोक भारतीय ने किया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि ऐसे शिविर न केवल आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, बल्कि समाज में सहयोग और एकजुटता की भावना को भी मजबूत करते हैं। शिविर में 150 से अधिक आधार कार्ड बनवाए गए, जबकि लगभग 200 लोगों की नेत्र जांच की गई।

## सिद्धार्थ विहार से वसुंधरा तक हरनंदी नदी पर फोरलेन पुल निर्माण की योजना

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** शहर की सिद्धार्थ विहार से वसुंधरा तक कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए हरनंदी नदी पर फोरलेन पुल निर्माण की योजना पर काम शुरू हो गया है। इस संबंध में सेतु निगम ने सिंचाई विभाग को पत्र भेजकर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा है, ताकि पुल निर्माण के दौरान किसी प्रकार की कानूनी या तकनीकी अड़चन का सामना न करना पड़े। सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव की जानकारी शहर विधायक संजीव शर्मा को भी दी गई है। विधायक ने बताया कि इस पुल के बनने से सिद्धार्थ विहार से वसुंधरा और इंदिरापुरम तक लोगों की आवाजाही काफी सुगम होगी। इसके अलावा, निर्माण होने वाले एलिवेटेड रोड का इस्तेमाल दिल्ली की ओर आवागमन के लिए भी आसानी से किया जा सकेगा। सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर रजनीश यादव ने बताया कि यह प्रस्ताव पहले ही जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव के पास भेजा जा चुका है।

## श्री सुल्लामल रामलीला में डांडिया नाइट और राजस्थानी नृत्य का भव्य उत्सव

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा दशहरे के उपलक्ष्य में आयोजित डांडिया नाइट और राजस्थानी नृत्य कार्यक्रम ने सांस्कृतिक प्रेमियों का मन मोह लिया। भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हुए और उन्होंने उत्साहपूर्वक थिरकते हुए सांस्कृतिक माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में राजस्थानी गानों और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे राजस्थानी परिधानों में सजी महिलाएं और कलाकार आकर्षण का केंद्र बनीं। राजस्थान से आए राज चौधरी इवेंट पार्टी के दो दर्जन कलाकारों ने डांडिया और राजस्थानी नृत्य में जान डाल दी, जबकि मंच संचालन कर रही दिल्ली से आई पूर्णिमा ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनकी नाटकीय प्रस्तुति और संगीतमय संचालन ने दर्शकों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डांडिया के साथ-साथ राजस्थानी नृत्य ने दर्शकों के पैरों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मंच पर कलाकारों और संगीत की तालमेल ने सभी को उत्सव का हिस्सा बना दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों और आयोजकों में अजय बंसल, नरेश अग्रवाल, सुधीर गोयल मोनू, संजीव मित्तल, रविंद्र मित्तल, प्रदीप मित्तल, वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, दिनेश शर्मा बब्बे, आलोक गर्ग, सुभाष गुप्ता, राजेन्द्र मित्तल, राघवेंद्र, पार्षद नीरज गोयल, मोहित मित्तल, अनिल गर्ग शीरे वाले, देवेंद्र मित्तल, रामावतार आदि मौजूद रहे।

## बम्हेटा में हुई किसान पंचायत बढ़ा भारतीय किसान यूनियन अनाज का कुनबा

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** गांव बम्हेटा में आज किसानों की समस्याओं व रवि फसलों की बुवाई व नए बीजों की जानकारियों सहित खाद समस्या को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मेलन में बुलन्दशहर, गाजियाबाद, मेरठ से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया बम्हेटा के एल आर गोल्डन फार्म हाऊस में आज के सम्मेलन की अध्यक्षता। धर्मपाल फौजी ने की और मंच संचालन उपाध्यक्ष गजब भाटी ने किया की सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पं सचिन शर्मा ने कहा कि आज किसान बहुत संकटों के दौर से गुजर रहा है। हाल ही में आई बाढ़ से किसानों को हुए नुकसान को लेकर संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल सरकार से मिलकर उचित मुआवजे की मांग भी करेगा। सचिन शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा बिन्नू आधान को जिम्मेदारी सौंपी है कि वो स्थानीय अधिकारियों से मिलकर खाद, बीज, व कैमिकल्स की सप्लाई समय व आवश्यकता अनुसार कराने की बात कही। इसके अलावा अन्य अनेक लोगों ने भी बैठक में संगठन को प्रभावी बनाने व किसान समस्याओ पर अपने विचार रखे। भारतीय किसान यूनियन अनाज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर अन्य अनेक किसान यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने यूनियन की सदस्यता भी ग्रहण की। जिसमें संगठन के प्रदेश, मण्डल स्तर के अनेक पदाधिकारियों की नियुक्तियां भी की गई छोड़कर आए जिसमें निशांत यादव जी को मण्डल अध्यक्ष बनाया गया अमित जी को युवा प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम मनोज सिंह जी को प्रदेश प्रवक्ता अजमत अल्वी जी को युवा प्रदेश प्रभारी सहजाद आलम जी को प्रदेश उपाध्यक्ष और उनके सैकड़ों साथी भारतीय किसान यूनियन अनाज मैं शामिल हुए इस अवसर पर उपस्थित रहे बिन्नू अधाना युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष निशान्त भड़ाना प्रदेश अध्यक्ष कपिल नागर युवा प्रदेश अध्यक्ष ब्रहम सिंह प्रधान जगब भाटी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक भड़ाना जिला अध्यक्ष मेंरठ राहुल यादव युवा जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार नरोत्तम शर्मा अंकित गुर्जर गौरव गिरी आदि लोग उपस्थित रहे।

